


दैनिक
# जयपुर टाइम्स
जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, चुरू, नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 | अंक : 27 | ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, रविवार 16 फरवरी, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | ■ मूल्य : 1.5 रुपए | ■ पृष्ठ : 8+2


भजनलाल सरकार ने जारी किए आदेश

## पंचायतों और पंचायत समितियों में अब बढ़ेंगे वार्ड

जयपुर टाइम्स






जयपुर (कासं.)। प्रदेश में पंचायतों का पुर्नगठन किए जाने के साथ अब वार्डों की संख्या भी तय की होगी। हर ग्राम पंचायत में कम से कम सात और हर पंचायत समिति में कम से कम 15 वार्ड होंगे। इसके बाद एक निश्चित फार्मूले के तहत वार्डों की संख्या बढती जाएगी। पंचायत राज विभाग ने सोमवार को इस बारे में अधिसूचना जारी की है। वहीं, इससे पहले राज्य सरकार ने पंचायतों और पंचायत समितियों के पुनर्गठन और परिसीमन के आदेश जारी किए थे। इसके चलते लगभग पौने सात हजार पंचायतों के चुनाव स्थगित भी कर दिए गए थे। पिछले आदेश में जिला कलक्टरों को सिर्फ इनकी सीमाएं तय करने और नई पंचायतें गठित करने के आदेश दिए गए थे। अब इनके साथ ही ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों के वार्डों की संख्या तय करने के आदेश भी दिए गए हैं। यानी अब सभी पंचायतों और पंचायत समितियों में वार्डों की संख्या भी बढेगी।



### ग्राम पंचायतः

प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन हजार तक की जनसंख्या पर कम से कम सात वार्ड होंगे और इसके बाद प्रत्येक एक हजार या उसके भाग के लिए दो-दो वार्ड और बढ़ाए जाएंगे।

### पंचायत समितिः

प्रत्येक पंचायत समिति में एक लाख तक की जनसंख्या पर कम से कम 15 वार्ड होंगे और इसके बाद प्रत्येक 15 हजार या उसके भाग के लिए दो-दो वार्ड और बढाए जाएंगे।

2011 की जनगणना होगी आधार वार्ड संख्या के निर्धारण में 2011 में हुई जनसंख्या को आधार माना जाएगा, क्योंकि इसके बाद कोई अधिकारिक जनगणना नहीं हुई है। हालांकि इसके चलते विसंगतियां भी होने की आशंका है, क्योंकि 2011 के बाद हर पंचायत और पंचायत समिति में जनसंख्या काफी बढ चुकी है, ऐसे में मौजूदा जनसंख्या के अनुपात में जितने वार्ड होने चाहिए, उतने नहीं बन पाएंगे।

### जुलाई-अगस्त तक पूरा हो पाएगा काम :

पंचायतों के पुनर्गठन का यह काम जुलाई-अगस्त तक पूरा होने की सम्भावना है। क्योंकि अप्रैल तक का समय तो जिलों को दिया गया है और इसके बाद जिलो की रिपोर्ट पर मंत्रियों की समिति विचार करेगी और इसके बाद अंतिम अधिसूचना जारी होगी।

जिला कलक्टरों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि पुर्नगठित और नई बनी पंचायतों व पंचायत समितियों के साथ उन पंचायतों और पंचायत समितियों की सूची भी जारी करें, जिनमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

## भाजपा की होगी दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार!

आप के तीन पार्षद बीजेपी में शामिल




जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। इस तरह आगामी एमसीडी मेयर चुनाव में उसकी जीत की संभावना बढ़ गई है।

पार्षदों का स्वागत करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में केंद्र, विधानसभा और नगरपालिका स्तर पर एक ट्रिपल इंजन सरकार होगी। जो तीन पार्षद बीजेपी में शामिल हुए हैं उनमें अनीता बसोया (एंड्रयूज गंज), निखिल चपराना (हरि नगर) और धर्मवीर (आर के पुरम) शामिल हैं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए पार्षद भाजपा में शामिल हुए हैं। विधानसभा चुनावों में अपनी हालिया शानदार जीत के मद्देनजर, भाजपा मेयर पद हासिल करके दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार पर नजर गड़ाए हुए है। भाजपा ने 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर आप को एक दशक बाद सत्ता से बाहर कर दिया।

### अप्रैल में होगा दिल्ली मेयर का चुनावः

मेयर का चुनाव अप्रैल में होना तय है।‹क्कने नवंबर 2024 में हुए पिछले मेयर चुनाव में तीन वोटों से जीत हासिल की थी। पार्षदों के अलावा, सात लोकसभा सांसद (सभी भाजपा के), तीन राज्यसभा सांसद (सभी आप के) और दिल्ली में 14 नामांकित विधायक दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव में मतदाता हैं। तीन पार्षदों के शामिल होने से भाजपा की सीटें अब आप से अधिक हो गई हैं।

### भाजपा 10 विधायकों को एमसीडी के लिए करेगी नामितः

भाजपा नेताओं ने कहा कि भाजपा अपने 10 विधायकों को एमसीडी के लिए नामांकित करने जा रही है, जबकि आप के पास नागरिक निकाय के लिए चार नामांकन होंगे।

पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के आठ और आप के तीन पार्षद विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। 2022 के एमसीडी चुनावों में,‹क्क ने 134 वार्ड, भाजपा ने 104, कांग्रेस ने नौ और निर्दलीय ने तीन वार्ड जीते थे।

उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों को दिया स्नेह भोज

## आईफा से प्रदेश में पर्यटन के खुलेंगे नए आयामः दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स



जयपुर (कासं.)। आईफा अवार्ड- 2025 के आयोजन से प्रदेश के पर्यटन की नई पहचान स्थापित होगी। प्रदेश के नए पर्यटन स्थलों को विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी। पारम्परिक क्षेत्रों के साथ नए क्षेत्रों में भी पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। यह बात शनिवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिविल लाईन्स स्थित कार्यालय पर पत्रकारों के लिए आयोजित स्नेह भोज में कही। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आईफा की तरह बड़े आयोजन प्रदेश में आयोजित करवाए जाएंगे ताकि प्रदेश के पर्यटन में बढोत्तरी हो और प्रदेश को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हों। इस दौरान उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक और सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से जुड़े पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक सही तरीके से पहुचाने में मीडिया की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।

## हरीश चौधरी मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी नियुक्त



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। कांग्रेस पार्टी ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए कई राज्यों के प्रभारी बदल दिए हैं। जिसमें बायतु विधायक हरीश चौधरी का नाम भी शामिल है।

चौधरी को कांग्रेस हाईकमान ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए मध्यप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। इस नई जिम्मेदारी से उनका राजनीतिक कद और बढ़ गया है। दरअसल, शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने संगठन में बदलाव करते हुए कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी है। कांग्रेस नेतृत्व ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और बायतु विधायक हरीश चौधरी को बड़ी जिम्मेदारी सौपते हुए उन्हें मध्यप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। कांग्रेस ने यहां पर भंवर जितेंद्र सिंह को हटाकर हरीश चौधरी को मप्र कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया है। जिसके बाद से चौधरी के प्रशंसकों और समर्थकों में खुशी का मौहोल है। मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने पर विधायक हरीश चौधरी ने हाईकमान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

बता दें कि हरीश चौधरी गांधी परिवार के करीबी नेताओं में गिने जाते हैं। वे इससे पूर्व पहले पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भी रह चुके हैं। 2021 में एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का पालन करते हुए उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

## 122 करोड़ रुपए के गबन में न्यू इंडिया सहकारी बैंक का जीएम गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




मुंबई(एजेंसी)। मुंबई पुलिस ने 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में न्यू इंडिया सहकारी बैंक के महाप्रबंधक हितेश मेहता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हितेश व उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच अपनी आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंपी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि मेहता को शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि मेहता को इस मामले के संबंध में जांच एजेंसी के दक्षिण मुंबई कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को सहकारी बैंक पर कई प्रतिबंध लगा दिए, जिसमें जमाकर्ताओं की ओर से धन निकासी पर भी प्रतिबंध शामिल है। शुक्रवार को आरबीआई ने ऋणदाता के बोर्ड को एक साल के लिए भंग कर दिया और मामलों के प्रबंधन के लिए एक प्रशासक नियुक्त किया और उसकी सहायता के लिए सलाहकारों की एक समिति भी नियुक्त की। बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवर्षि घोष ने शुक्रवार को मध्य मुंबई के दादर पुलिस थाने में जाकर धन की हेराफेरी की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद शनिवार तड़के मेहता और अन्य के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। मेहता को दक्षिण मुंबई स्थित ईओडब्ल्यू कार्यालय लाया गया और उसके अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया, शिकायत के अनुसार बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश रची और बैंक के प्रभादेवी और गोरेगांव कार्यालयों की तिजोरियों में रखे धन से 122 करोड़ रुपये का गबन किया।

## बोडो समुदाय को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास रहा एनडीए : मोदी



जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में आंदोलन के केंद्र रहे कोकराझार में सोमवार को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र का स्वागत किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र और असम दोनों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकारें बोडो समुदाय को सशक्त बनाने और बोडो आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।

### सीएम सरमा ने बताया सत्र का प्रमुख एजेंडाः

वहीं, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने विकास के बारे में जानकारी दी और कहा कि सत्र का एक प्रमुख एजेंडा छठी अनुसूची क्षेत्रों के प्रशासन को मजबूत करना होगा। इस पल को अपने राजनीतिक करियर का सबसे महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया है।

### 17 फरवरी को मील का पत्थर हासिल करेगा असमः

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 17 फरवरी को असम ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल करेगा, क्योंकि कोकराझार, जो कभी बोडोलैंड आंदोलन का केंद्र था, एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र आयोजित करेगा। मुख्य एजेंडा छठी अनुसूची क्षेत्रों के प्रशासन को मजबूत करना होगा, जिसमें राज्यपाल का अभिभाषण एक प्रमुख आकर्षण होगा।

उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के असम के प्रति अटूट प्रेम और माननीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन से संभव हुआ है। उनका नेतृत्व शांति, स्थिरता और प्रगति की ओर हमारी यात्रा को आगे बढ़ाता रहेगा।

### मैंने जीवंत बोडो संस्कृति देखीः

मुख्यमंत्री के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने इसका स्वागत किया और कोकराझार की अपनी यात्रा को भी याद किया।

पीएम मोदी ने लिखा- केंद्र और असम दोनों में एनडीए सरकारें बोडो समुदाय को सशक्त बनाने और बोडो आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।

ये कार्य और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेंगे। मुझे कोकराझार की अपनी यात्रा याद आती है, जहां मैंने जीवंत बोडो संस्कृति देखी थी।

---

न्यूज इनबॉक्स

### महाकुम्भ में एक बार फिर लगी आग

जयपुर टाइम्स

प्रयागराज(एजेंसी)। महाकुंभ नगर में एक बार फिर आग लगने की सूचना है। बताया जा रहा है कि यह आग सेक्टर 19 स्थित नरेंद्रा नंद के पंडाल में आग लगी है। सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग के कर्मचारी पहुंच गए हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए हैं। पुलिस ने घटनास्थल को चारों ओर से घेर लिया है। फिलहाल मौके पर किसी को जाने की इजाजत नहीं है। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में किसी प्रकार के जान माल की हानि नहीं हुई है। प्रयागराज मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना पर डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने कहा ने कहा कि आग पूरी तरह से नियंत्रण में है। यह सेक्टर 19 में कल्पवासियों की ओर से खाली किए गए कुछ पुराने टेंटों में लगी थी। किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है।

### घायलों की देखभाल के लिए 8 कमांडेट की लगाई ड्यूटी

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सीआरपीएफ में गुरुवार को हुई हृदय विदारक घटना ने फोर्स को हिलाकर रख दिया है। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में सीआरपीएफ के शिविर में हवलदार संजय कुमार ने अपने साथियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। इस घटना में एक उप-निरीक्षक और एक सिपाही की मौत हो गई। बाद में हवलदार संजय ने खुद को भी गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग में आठ अन्य जवान घायल हुए हैं। अब इन घायलों की देखभाल के लिए आठ कमांडेंट की ड्यूटी लगाई गई है। विभिन्न बटालियनों से ये कमांडेंट क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) इंफाल में पहुंचकर तीन-तीन घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी देंगे। बताया जाता है कि इस तरह का आदेश बल में पहली बार निकला है। इतना ही नहीं, आरआईएमएस में हर घायल जवान को एक एसआई के कंट्रोल में दो-दो अटेंडर प्रदान किए जाने का भी आदेश जारी किया गया है। बल के अटेंडर भी किसी एक बटालियन से नहीं आएंगे, बल्कि अलग-अलग बटालियनों से ये आरआईएमएस पहुंचेंगे।

### गम में बदल गई शादी की खुशियां : तोरण मारते ही मर गया दूल्हा

जयपुर टाइम्स

श्योपुर(एजेंसी)। जन्म, मरण और परण किसी के बस के नहीं हैं, कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं चलता कि। कुछ ऐसा ही घटित हुआ मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में जहां तोरण मारते ही कुछ देर में दूल्हे की अचानक मौत हो गई। एक शादी की रौनक पलभर में गम में बदल गई, दूल्हे की घोड़ी पर सवार होते ही अचानक मौत हो गई। यह घटना श्योपुर जिले की है, शादी की खुशी में पूरा परिवार और रिश्तेदार खुशी से झूम रहे थे, लेकिन कुछ ही क्षणों में माहौल मातम में बदल गया। घोड़ी पर सवार दूल्हे की अचानक मौत हो गई, जिससे पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बता दें कि श्योपुर के कांग्रेस नेता योगेश जाट के भतीजे प्रदीप जाट की शादी का जश्न मनाया जा रहा था। प्रदीप, एनएसयूआई का पूर्व जिला अध्यक्ष भी रह चुका था, अपने विवाह समारोह में दोस्तों और परिवार के साथ नाच-गाकर आनंद ले रहा था। दूल्हे ने पारंपरिक रस्म निभाते हुए तोरण मारा और घोड़ी पर बैठकर स्टेज की ओर बढ़ा। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और कुछ ही पलों में उसने घोड़ी पर ही दम तोड़ दिया। यह देख बराती और परिजन स्तब्ध रह गए। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### शादी की रस्में अधूरी रह गई

दुल्हन, जो सजी-धजी स्टेज पर अपने जीवनसाथी का इंतजार कर रही थी, उसे यह मालूम नहीं था कि यह इंतजार कभी खत्म नहीं होगा। शादी की रौनक मातम में बदल गई और खुशियों से भरे घर में रोने की आवाजें गूंजने लगीं। दीप की अचानक मौत से हर कोई स्तब्ध था।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
16 फरवरी, 2025




## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला महासम्मेलन की बेहतर पहल, बांटे कपड़े के थैले

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला महासम्मेलन, अलवर द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान के अन्तर्गत अलवर शहर स्थित वार्ड संख्या 24 व 25 में शनिवार को कपड़े के थैले वितरित किए गए। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला महासम्मेलन की जिलाध्यक्ष वैशाली जसोरिया ने बताया कि शनिवार को संपूर्ण विश्व में पर्यावरण संरक्षण की सबसे अधिक आवश्यकता है। पर्यावरण का संरक्षण एक चुनौती के समान है जिसका सामना सरकारी तंत्र के साथ साथ आम जनमानस को भी करना नितांत आवश्यक है। यदि पर्यावरण संरक्षित नहीं रहेगा तो आने वाले समय में पृथ्वी पर जीवन दुर्लभ हो जाएगा। हम सभी को प्लास्टिक सहित अन्य प्रकार की चीज़ों जिससे पर्यावरण को नुक़सान होता हैं त्यागना होगा। इसी क्रम में अभियान के तहत कपड़े के थैले वितरित किए गए। वैशाली जसोरिया ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर पर्यावरण सचिव संगीता हल्दिया, मंत्री अंजू गोयल आदि मौजूद रहीं।

## नवीन कार्यकारणी का किया विस्तार

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा की नवीन कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कमल किशोर जायसवाल को



वरिष्ठ सचिव एवं वेदप्रकाश जायसवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

## श्री मानस्तम्भ का मनाया स्थापना दिवस

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। श्री दिगम्बर जैन खण्डेलवाल पंचायती मन्दिर, हलवाई पाडा में स्थित मानस्तम्भ के स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया गया। मंत्री नरेंद्र जैन बड़जात्या ने बताया की प्रात श्री जी का अभिषेक, शांति धारा की गई व इसके पश्चात मानस्तंभ में विराजित प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया तथा समाज के धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा सामूहिक नित्य



नियम पूजन की गई। इस मानस्तंभ की स्थापना 11वर्ष पूर्व की गई थी।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मुकेश जैन , श्री दिगम्बर जैन पलीवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, श्री बड़तला पंचायती मन्दिर के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र जैन, श्री संभवनाथ मन्दिर शिवाजी पार्क के अध्यक्ष एडवोकेट चन्दन जैन, अपना घर शालीमार वासुपूज्य मन्दिर जैन मन्दिर से कार्यकारिणी सदस्य तथा कवि कमलेश बसंत व श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल समाज से प्रवीण जैन गोधा अध्यक्ष, विजय जैन भौंच उपाध्यक्ष, राजकुमार जैन भौंच कोषाध्यक्ष, राकेश जैन हवेली, योगेंद्र जैन गोधा, अशोक रांवका, सुनील जैन बैनाड़ा, अभय जैन बड़जात्या कार्यकारिणी सदस्यों सहित समाज के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप बड़जात्या व मनीष गोधा सहित समाज के सभी गणमान्य पुरुष व महिला सदस्य उपस्थिति हुए।

# प्लांट को पूरी क्षमता के साथ संचालित करावे - डॉ. शुक्ला

### जिला कलक्टर ने किया कचरा निस्तारण प्लांट एवं एसटीपी का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अग्यारा स्थित कचरा निस्तारण प्लांट (एसडब्ल्यूएम) व एसटीपी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने कचरा निस्तारण प्लांट में कचरे के पृथकीकरण कार्य करने व कचरे से कम्पोस्ट बनने की प्रक्रिया का अवलोकन कर नगर निगम के कार्य की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि प्लांट को पूरी क्षमता के साथ संचालित करावें। इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन में वृद्धि करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि मौजूदा कचरे को 4 माह में निस्तारित करें। ग्रीनरी लगाने का प्लान तैयार करें, चार दिवारी आदि के कार्य 15 अप्रेल तक पूर्ण करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां तैयार कम्पोस्ट खाद का उपयोग शहर के पार्कों में करने के साथ किसानों को भी यह खाद उपलब्ध करावे। उन्होंने यहां तैयार आरडीएफ को सीमेंट फैक्ट्री बोयलर्स आदि में उपयोग हेतु भी भिजवाने की आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां पर साप्ताहिक स्प्रे करावे ताकि मक्खी आदि की समस्या उत्पन्न नहीं होवे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि



दोनों प्लांटों को दुर्गन्ध मुक्त करने हेतु निर्धारित पैरामीटरों का उपयोग करें। उन्होंने एसटीपी का निरीक्षण कर संचालक एजेन्सी के माध्यम से फिल्टर मिडिया के दोनों छोर पर शोधित जल के बीएलडी व सीएलडी की रिपोर्टिंग के लिए सेंसर लगाने का कार्य व एसटीपी जल की टेस्टिंग लैब को आगामी 15 दिन में शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि एसटीपी के शोधित जल का उपयोग शहर के पार्कों, कृषि हेतु उपयोग व एमआईए औद्योगिक क्षेत्र में उपयोग हेतु कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि दोनों प्लांटों में आवश्यकतानुसार संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि शोधित पानी स्टोरेज टैंक पर गेज लगवाए तथा शोधित पानी को नाले तक ले जाने वाली चैनल को पक्का करावे। उन्होंने बगड तिराया से हनुमान सर्किल तक की सडक की साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिये।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरुका, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान, अधिशाषी अभियंता अशोक मदान, नगर निगम के अधिशाषी अभियंता खेमराज मीणा, सफाई निरीक्षक लक्ष्मण मीना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आज

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से उपचार मेडिसन के सहयोग से सोलह फरवरी रविवार को पुरुषार्थी धर्मशाला विवेकानंद चौक पर एक दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. योगेन्द्र शर्मा सुबह साढ़े नौ बजे करेंगे। शिविर में जिले के नामी आयुर्वेद चिकित्सक ओर एक्यूप्रेशर चिकित्सक मरीजों का इलाज करेंगे ओर दवाइयां भी दी जाएंगी। इस अवसर पर रक्तचाप व मधुमेह सहित अन्य जांच निःशुल्क होंगी।

नेक कमाई के मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि शिविर में जाने माने आयुर्वेद चिकित्सक डा. पवन शेखावत, डा.मुरारी लाल भारद्वाज, डा. बिशन चंद सैनी, डा. मुकेश प्रजापत, डा. अनिल जैन, डा. रेणु ग्रोवर और डा. रीटा ग्रोवर हैं। शिविर के संयोजक डा. बी. बी. गौतम हैं। शिविर में एकयूप्रेशर चिकित्सक डा. राजा जोशी मरीजों का इलाज करेंगे। इस शिविर में सहयोग करने वाली फार्मा कंपनियां विजय लाइफ केयर, गणेश फार्मास्यूटिकल, यूनाइटेट फार्मास्यूटिकल, आयु कल्प, श्री धनवंतरी हर्बल, एमपीआईएल, एस जी. पैथो फार्मा हैं। पुरुषार्थी धर्मशाला कमेटी के अध्यक्ष प्रेम गांधी ने बताया कि इस शिविर में मौके पर ही पंजीयन किया जाएगा। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित भी किया जाएगा। शिविर में निर्धन महिलाओं का चयन भी होगा जिन्हें फाउंडेशन की ओर से सहायता दी जाएगी। शिविर में डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से बेहतर सेवा करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा। शिविर में खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट ओर आलमचंद भागवंती देवी भाटिया ट्रस्ट का सहयोग रहेगा।

# सचिव सोनी ने केन्द्रीय कारागृह अलवर का निरीक्षण कर जांची कारागृह की सुविधाएं

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार शनिवार को केन्द्रीय कारागृह अलवर का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अलवर मोहन लाल सोनी द्वारा बताया कि निरीक्षण के दौरान कुल 940 बंदी निरूद्ध पाए गए एवं प्रत्येक वार्ड के अनुसार बंदियों की सं या जांची गई। सोनी कारागृह में निरूद्ध बंदियों से वार्ता कर उन्हें निशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं ऐसे बंदीगण जिनके प्रकरणों में निशुल्क विधिक सहायता के तहत अधिवक्ता नियुक्त है उनसे उनके प्रकरणों में निशुल्क अधिवक्ता द्वारा की जा रही पैरवी के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

कारागृह के जेलर द्वारा बताया गया कि प्रत्येक बंदी को नियमित रूप से तारीख पेशी बताई जा रही है। साथ ही उपकारागृह बहरोड़ के जितने भी वारंट है वो वहीं रखते हैं, और वहां से गार्ड का नहीं आना बताया गया। वार्ड नं. 6 के एक बंदी द्वारा विधिक सहायता चाही गई, जिस




हेतु सोनी द्वारा मौके पर ही आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान सोनी द्वारा कारागृह में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान शिकायत पेटिका अत्यधिक ऊंचाई पर रखी हुई पाई गई, जिस पर सोनी द्वारा शिकायत पेटिका को यथोचित स्थान पर रखने के निर्देश दिए गए, जिससे बंदियों की पहुंच आसान हो। सोनी द्वारा कारागृह की नालियों का निरीक्षण किया गया एवं होद (नहाने की जगह) का निरीक्षण करने पर होद में पानी साफ पाया गया किन्तु नालियां एवं होद टूटी हुई पाई गई, जिसकी मर मत एवं साफ-सफाई के आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किए गए। जेलर द्वारा बताया गया कि नालियों एवं होद की सफाई प्रत्येक दो दिन में करवाई जा रही है। सोनी द्वारा पीने के पानी के स्टॉक के रखे जाने पर जानकारी ली गई जिस पर जेलर द्वारा बताया गया कि पीने के पानी का समस्त स्टॉक लंगर में रखा जाता है एवं वार्डा में बंदियों हेतु पीने के पानी हेतु मटके रखे जाते हैं। कारागृह का कचरा नगरपालिका के सफाई कार्मिकों द्वारा उठाया जाना बताया गया। कारागृह में 02 दिन में सफाई का कार्यक्रम रखा जाता है। निरीक्षण के दौरान किसी भी बंदी द्वारा मेडिकल की कोई समस्या नहीं बताई गई। कारागृह निरीक्षण के दौरान मौके पर केन्द्रीय कारागृह अलवर के जेलर रविन्द्र उपाध्याय तथा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अलवर महेश गोठवाल, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल अलवर मुकेश शर्मा एवं अन्य कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्त अभियान के संबंध में जिला स्तरीय स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला आयोजित

### जिला कलक्टर ने दिए टीबी मुक्त राजस्थान की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में टीबी मुक्त अभियान के संबंध में जिला स्तरीय स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में 24 मार्च तक संचालित होने वाले टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के विशेष अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आपसी सामन्जस्य स्थापित कर कार्य करें।

साथ ही राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के लक्ष्य के अनुरूप टीबी मुक्त राजस्थान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाए।

उन्होंने जिला परिषद के सीईओ, सीएमएचओ, जिला क्षय रोग अधिकारी, सभी बीसीएमओ एवं जिला आईईसी समन्वयक को निर्देशित किया कि अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करावे। साथ ही




अभियान में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु बढावा दिया जाए तथा हितधारकों को प्रेरित कर सहयोग लिया जाए। साथ ही अभियान के तहत टीबी की समय पर पहचान, उपचार एवं रोकथाम को सुनिश्चित किया जाए।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख इंडिकेटर्स संदिग्ध टीबी मामलों की जांच प्रति 1 हजार जनसंख्या पर 30 से अधिक, टीबी नोटिफिकेशन दर प्रति एक हजार जनसंख्या पर 1 से कम, उपचार सफलता दर 85, ड्रग ससेप्टिबिलिटी टेस्ट 40, निक्षय पोषण योजना का लाभशत-प्रतिशत, निक्षय मित्र द्वारा शत-प्रतिशत पोषण किट वितरण निर्धारित किए गए हैं।

बैठक में जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रविन्द्र, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं बीसीएमओ उपस्थित रहे।

**जिला प्रशासन का नवाचार ‘मिशन आकाश’**

# जिला कलक्टर ने दिए जिले में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को एनिमिया व कुपोषण मुक्त करने हेतु सघन अभियान चलाने के निर्देश

**जयपुर टाइम्स**

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मिशन आकाश के तहत एनिमिया एवं कुपोषण मुक्त अलवर अभियान का शुभारम्भ किया।

जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को एनिमिया व कुपोषण मुक्त करने हेतु सघन अभियान प्रारम्भ किया गया है, उन्होंने जिला परिषद, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, महिला अधिकारिता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय समन्वय स्थापित कर अभियान का सफल क्रियान्वयन करावें।

उन्होंने सभी बीसीएमओ को निर्देश दिये कि चिकित्सा कर्मियों को स्क्रीनिंग आदि के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करावें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के तहत जिले के सभी लक्षित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग एवं हीमोग्लोबिन की जांच कर आवश्यकता के अनुसार नि:शुल्क उपचार उपलब्ध करवाया जाए तथा उसका फोलोअप भी लेवें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत जिले में 0-6 वर्ष तक के करीब ढाई लाख बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी तथा आंगनबाडी केंद्र पर रजिस्टर्ड बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर संबंधित एएनएम को उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि विभाग के कार्मिकों द्वारा आंगनबाडी केंद्र पर माह में एक बार कैम्प आयोजित कर एनीमिया एवं कुपोषण की स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबिन टेस्टिंग एवं वजन-लम्बाई आकलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कुपोषित एवं एनिमिक पाए गए बच्चों के उपचार हेतु आईएफ सिरप व टेबलेट दी जाएगी। अति कुपोषित एवं अति गंभीर एनिमिया से ग्रसित बच्चों को शिशु रोग विशेषज्ञ से परामर्श एवं उपचार दिलाया जाएगा। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविन्द्र, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. के.के मीणा, आरसीएचओ डॉ. मंजू शर्मा, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कपिल भारद्वाज सहित समस्त बीसीएमओ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
16 फरवरी, 2025



## गृह राज्य मंत्री ने किया शहीद नारायण लाल गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण

जयपुर टाइम्स

राजसमंद(निस)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शनिवार को पुलवामा हमले में शहीद हुए अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि शहीद नारायण लाल गुर्जर का बलिदान सदियों तक नई पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। ग्राम बिनौल में आयोजित समारोह में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले में हमने 40 वीर सपूतों को खोया, लेकिन सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा जवाब दिया। उन्होंने मेवाड़ की त्याग और बलिदान की भूमि को नमन करते हुए कहा कि यहां के युवा शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही बजट में राजसमंद जिले के लिए 7800 करोड़ रुपये की योजनाएं घोषित की हैं, जो सरकार की विकासशील सोच को दर्शाती हैं। मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने सुझाव दिया कि शहीद नारायण लाल गुर्जर की पुण्यतिथि और जन्मतिथि पर रक्तदान शिविर और अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस अवसर पर शहीद के परिजनों को सम्मानित किया गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रसार भारती अध्यक्ष ने दूरदर्शन राजस्थान और आकाशवाणी के कार्यक्रमों को जनोपयोगी बनाने पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने जयपुर दौरे के दौरान दूरदर्शन केंद्र का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कार्यक्रमों में नवाचार पर जोर देते हुए समसामयिक और जनहितकारी कार्यक्रमों को बढ़ाने के निर्देश दिए। सहगल ने 'निरोगी राजस्थान' और महिला मुद्दों से जुड़े कार्यक्रमों को प्रतिदिन प्रसारित करने की जरूरत बताई। उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया और दूरदर्शन परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध स्थानों के बेहतर उपयोग पर बल दिया। इस दौरान, केंद्र प्रमुख सतीश देपाल ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार उन्हें साफा पहनाकर स्वागत किया। बैठक में कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय, समाचार प्रमुख मंजू मीणा, निदेशक अभियांत्रिकी निलेश खंडेलवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सहगल ने 14 फरवरी को आकाशवाणी जयपुर केंद्र का भी दौरा किया और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने रेडियो को आमजन की आवाज़ बनाने की दिशा में प्रयास तेज करने को कहा।

## राज्यपाल बागडे इंदौर स्थित राजवाड़ा पहुंचे, अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शनिवार को इंदौर स्थित राजवाड़ा पैलेस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां निर्मित लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके लोक कल्याणकारी कार्यों, आदर्श प्रशासन को स्मरण किया।

## मनोरमा यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार संभाला

जयपुर टाइम्स



कोटपूतली(निस)। यहाँ के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में उप प्रधानाचार्य मनीषा यादव, राजकुमार सैनी, विजय कुमार सैनी, सुरेंद्र कुमार सैनी, बलवंत सिंह, अशोक कुमार वर्मा, सुनील कुमार सैनी, राजेश कुमार यादव, सरोज यादव, अनीता यादव, वीरेंद्र सिंह समेत समस्त स्टॉफ ने साफा पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया एवं शुभकामनायें दी। उल्लेखनीय है कि आगामी आदेश तक वे विद्यालय में ही अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहेंगी।

# सड़क सुरक्षा ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कास)। कम्युनिटी फॉर सेफर रोड्स और परिवहन विभाग के सहयोग से स्कूल ऑफ़ एजुकेशन, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी में सड़क सुरक्षा ओरिएंटेशन वर्कशॉप आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों और जिम्मेदार यातायात व्यवहार के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला के दौरान ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्री दिनेश सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनके रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने बाल वाहन सुरक्षा मानकों की भी चर्चा की और बताया कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाहन चालकों और अभिभावकों को किन सावधानियों का पालन करना चाहिए।

इस कार्यक्रम से छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने समझा कि सुरक्षित यातायात व्यवहार केवल नियमों का पालन करने से ही संभव नहीं है, बल्कि यह स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक, शिक्षकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के प्रोग्राम ऑफिसर और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सड़क पर पैदल चलने, वाहन चलाने और ट्रैफिक संकेतों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ़ एजुकेशन, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, कम्युनिटी फॉर सेफर रोड्स और परिवहन विभाग का यह संयुक्त प्रयास विद्यार्थियों को सुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता बनाने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

## जेडीए सचिव ने समीक्षा बैठक में दिए अहम निर्देश

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) सचिव निशांत जैन की अध्यक्षता में शनिवार को मंथन सभागार में जेडीए के समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिक्रमण हटाने, नीलामी प्रक्रिया, लीज वसूली और नई आवासीय योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया। सचिव ने जोन-08, 09, 10, 11 एवं जोन-पीआरएन (दक्षिण) में अतिक्रमण हटाने की प्रगति की समीक्षा की और शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। राजस्व अर्जन के लिए बड़े भूखंडों की लीज बकाया सूची तैयार कर संबंधितों को नोटिस जारी करने और वसूली तेज करने को कहा। सचिव ने सभी जोनों में नई योजनाओं की प्लानिंग के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। बैठक में भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया को गति देने और प्रत्येक माह अधिक से अधिक संपत्तियों को ई-ऑक्शन में शामिल करने पर जोर दिया गया। संबंधित अधिकारियों को न्यायालयों में लंबित मामलों की रिपोर्ट दो से तीन सप्ताह में प्रस्तुत करने और विधानसभा प्रश्नों के उत्तर एक सप्ताह में भेजने के निर्देश दिए गए। संपर्क पोर्टल पर 60 दिन से अधिक लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा गया। बैठक में नागरिक सेवा केंद्रों द्वारा ऑनलाइन सेवाओं के संतोषजनक निस्तारण पर सचिव ने संतोष व्यक्त किया और इसी कार्यप्रणाली को जारी रखने को कहा। राइजिंग राजस्थान के तहत जेडीए के एमओयू की रिपोर्ट प्राथमिकता से सरकार को भेजने के निर्देश दिए गए।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा क्षेत्रवार प्रभारी नियुक्त किए

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक मजबूती के लिए सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त किए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार ये प्रभारी ब्लॉक, नगर, मण्डल, ग्राम पंचायत एवं बूथ कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी को सक्रिय करने का कार्य करेंगे।प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में संगठनात्मक समीक्षा करेंगे और रिक्त पदों को भरने हेतु अपनी रिपोर्ट 12 मार्च 2025 तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। इसके तहत वे ब्लॉक एवं मण्डल कांग्रेस कमेटियों की बैठकें लेंगे और संगठन की गतिविधियों को गति देंगे।इन प्रभारियों की बैठक कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित होगी, जहां प्रदेश अध्यक्ष विस्तृत दिशा-निर्देश देंगे। सभी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों को सूची भेज दी गई है, और वे ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठकों में प्रभारी के साथ सम्मिलित होंगे। इसी तरह, ब्लॉक अध्यक्ष मण्डल स्तर पर बैठकें आयोजित करेंगे।प्रभारियों को अपने क्षेत्र में मासिक बैठकें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे संगठनात्मक गतिविधियां और अधिक प्रभावी हो सकें।

# जिला स्तरीय अमृत महोत्सव

जयपुर टाइम्स




सवाई माधोपुर(निस)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर के तत्वावधान में जिला स्तरीय अमृत महोत्सव जम्बूरेट रैली के तृतीय दिवस पर मुख्य अतिथि शुभम चौधरी जिला कलक्टर सवाई माधोपुर रही। स्काउट गाइड परम्परा के अनुसार मुख्य अतिथि का मुख्य द्वार बधावा से स्वागत किया।सैण्ट एन्सलम स्कूल के छात्रों द्वारा बैण्ड वादन की स्वर लहरियां बिखेरते हुए अगुवाई की। स्काउट्स व गाइड्स द्वारा सवाई माधोपुर की पारम्परिक वेशभूषा में स्वागत गीत तथा पढ़ जा लिख जा,आगे बढ़ जा सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि मुझे अफसोस है कि बचपन में स्काउटिंग से नहीं जुड़ सकी।मन करता है कि अब अवसर मिले तो इससे जरुर जुड़ुगी।

आप सभी राष्ट्र में सुनागरिकता के लिए काम कर रहे हो।साथ ही उन्होंने एडवेंचर एण्ड फन वेस का निरीक्षण किया तथा आर्चरी में निशाना साधा है। सभी वेसेज देखकर खुशी जाहिर की। तत्पश्चात स्काउट गाइड की नगर भ्रमण रैली को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रातः सत्र के अतिथि एजाज अली अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुख्य सवाई माधोपुर रहे। उन्होंने ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउटिंग चरित्र निर्माण की पाठशाला है।इनके द्वारा भी एडवेंचर एण्ड फन वेसेज का निरीक्षण किया तथा उन पर स्वयं अभ्यास किया छगनलाल लीडर ट्रेनर द्वारा मिनी जम्बूरेट की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। जम्बूरेट में सवाई माधोपुर जिले के 45समूह के साथ रोवर्स रेन्जर स्टाफ सहित 510प्रतिभागी सहभागिता कर रहे हैं। दिव्या सीओ गाइड द्वारा अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# कोटपूतली जिला मुख्यालय पर डीजे कोर्ट खुलवाने की मांग, जिला अभिभाषक संघ का विरोध प्रदर्शन निरन्तर जारी

जयपुर टाइम्स



कोटपूतली(निस)। नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ में जिला एवं सत्र न्यायालय व इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने को लेकर कोटपूतली व बहरोड़ के बीच उपजे विवाद ने तुल पकड़ लिया है। इस मांग को लेकर कोटपूतली व बहरोड़ के अधिवक्ताओं के बीच गतिरोध निरन्तर बढ़ता ही जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली द्वारा बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर कोटपूतली में डीजे कोर्ट खुलवाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व विधायक हंसराज पटेल को ज्ञापन सौंपा गया था। साथ ही 15 फरवरी तक सम्पूर्ण पेन डाउन हड़ताल का ऐलान करते हुये न्यायिक कार्यो का बहिष्कार भी किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को लगातार चौथे दिन भी पेन डाउन हड़ताल जारी रही। वहीं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण जिला अभिभाषक संघ के बैनर तले कस्बे के मुख्य मार्गो से विरोध जुलूस निकालते हुये भारी नारेबाजी कर पैदल मार्च के साथ संघ के अध्यक्ष एड. उदय सिंह तंवर के नेतृत्व में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर से आजाद चौक स्थित कचहरी परिसर पहुँचे। जहाँ पर सभी अधिवक्ताओं समेत स्टाम्प वेंडर, डीडराईटर, ऑथ कमिश्नर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों आदि ने हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन दिया। साथ ही संघ के बैनर तले कचहरी परिसर के रामलीला मंच पर अनिश्चितकालीन धरना व विरोध प्रदर्शन किया गया। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने बताया कि धरना प्रदर्शन व कार्य का बहिष्कार सोमवार को भी जारी रहा। वहीं बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने धरने को सम्बोधित करते हुये कहा कि कोटपूतली के हितों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

अधिवक्ताओं का कहना था कि कोटपूतली के विरूद्ध षड्यंत्र रचा जा रहा है। राज्य सरकार ने पूर्व में ही कोटपूतली को नवगठित जिले का मुख्यालय मानते हुये कलेक्टर-एसपी के कार्यालय खोल दिये थे एवं डीजे कोर्ट हेतु अस्थाई तौर पर भवन को भी चिन्हित कर लिया गया था, लेकिन अब डीजे कोर्ट को बहरोड़ ले जाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। जो कि वकीलों के साथ-साथ पक्षकारों व आम जनता के लिये भी भारी परेशानी का सबब बना हुआ है। अधिवक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय खोले जाने की घोषणा इसी बजट में करते हुये पूर्व में चयनित भवन में ही स्थाई निर्माण होने तक जिला एवं सत्र न्यायालय व इसके समकक्ष न्यायालयों को खोला जायें। जब तक यह मांग पुरी नहीं होगी तब तक अधिवक्ता शांत नहीं बैठेगें। इस दौरान अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर समेत उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, सचिव हेमन्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र रावत व रीछपाल सिंह चौधरी, अशोक कुमार सैनी, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी व दयाराम खटाना, एपीपी योगेश सैनी व प्रेमप्रकाश शर्मा, चेतराम रावत, हरिचन्द्र चतुर्वेदी, अंकित स्वामी, गोविन्द रावत, राजाराम, अशोक आर्य नोटेरी, विजय सैनी, विकास मीणा, शिवकुमार शर्मा, प्रदीप आर्य, विकास यादव, अजय सिंह तंवर, सतीश हाडिया, सुनील शर्मा, रूपेश सेहरा, कन्हैया लाल गुर्जर, हितेष यादव, सुभाष गुर्जर, नीरज, रामकिशन, रेखा चतुर्वेदी, अनिल आर्य, राकेश शर्मा, सुभाष यादव आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

**सोमवार से भूख हड़ताल पर बैठेगें अधिवक्ता**

वहीं दुसरी ओर आन्दोलन की आगामी रूपरेखा तय करने के लिये संघ की बैठक का आयोजन अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने आगामी 18 फरवरी तक न्यायिक कार्यो को पूर्व की भांति पूर्णतया स्थगित करने का निर्णय लिया। साथ ही न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने सोमवार से भूख हड़ताल पर बैठने का भी निर्णय लिया।

**क्या है मामला :**

कोटपूतली-बहरोड़ के जिला गठन को एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। राज्य सरकार ने नवगठित जिले का मुख्यालय कोटपूतली को मानते हुये यहाँ जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, जिला मुद्रांक कार्यालय व कोषालय समेत अन्य कई मुख्य कार्यालयों को पहले से ही कोटपूतली में खोला है। लेकिन जिला एवं सत्र न्यायालय समेत समकक्ष न्यायालयों का खोले जाना अभी शेष है। जिससे अधिवक्ता, पक्षकारान व आमजन को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय में कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय खोले जाने के लिये कस्बे की पुरानी सब्जी मण्डी स्थित राजकीय कन्या पाठशाला को अस्थाई भवन के तौर पर चिन्हित भी कर लिया गया था एवं जिला न्यायालय के निर्माण हेतु कोटपूतली मुख्यालय पर ग्राम कालुहेड़ा में समस्त जिला स्तरीय एवं समकक्ष कार्यालयों के निर्माण के लिये 200 बीघा भूमि भी आवंटित कर दी गई थी। जो कि पनियाला क्षेत्र में स्थित है, जहाँ से बहरोड़ समेत बानसूर, विराटनगर, पावटा आदि जगहों पर आवागमन मध्य में होने के कारण सुगम है एवं सुविधाजनक स्थान है। लेकिन जिला गठन के डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजुद भी यहाँ डीजे कोर्ट नहीं खोला जा सका है।

# ईआरसीपी परियोजना में वन विभाग देगा हरसंभव सहयोग : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कास)। जल संसाधन विभाग कार्यालय, जयपुर में शनिवार को संशोधित पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य वन विभाग से संबंधित समन्वय और क्लीयरेंस को सुनिश्चित करना था ताकि परियोजना के कार्यों में तेजी लाई जा सके।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि उनका मंत्रालय इस महत्वपूर्ण परियोजना को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन, पर्यावरण और वन्यजीव से संबंधित सभी क्लीयरेंस समयबद्ध रूप से प्रदान की जाएंगी ताकि परियोजना के कार्य तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जा सकें। उन्होंने कहा कि जल संसाधन परियोजनाओं में वन विभाग की भूमिका अहम होती है, और इसे देखते हुए केंद्र सरकार हर स्तर पर राज्य सरकार के साथ खड़ी रहेगी।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने केंद्रीय मंत्री के समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल संसाधन विभाग और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय से इस परियोजना के कार्यों को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने परियोजना को राजस्थान के जल संकट के समाधान में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरकार इस परियोजना को प्राथमिकता दे रही है और इसका क्रियान्वयन जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। इस बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार सहित जल संसाधन विभाग और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने परियोजना की प्रगति और आगे की कार्ययोजना पर भी चर्चा की। इस परियोजना के तहत राजस्थान में जल आपूर्ति और प्रबंधन को मजबूत करने की योजना है, जिससे जल संकटग्रस्त क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही वन विभाग से जुड़ी प्रक्रियात्मक बाधाओं को जल्द दूर किया जाएगा ताकि परियोजना तेजी से आगे बढ़ सके। बैठक के अंत में अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि वन विभाग और जल संसाधन विभाग के बीच समन्वय से परियोजना को तय समय में पूरा किया जा सकेगा, जिससे राज्य के लाखों लोगों को राहत मिलेगी।

## ईडब्ल्यूएस प्रावधानों में सरलीकरण करने की मांग, विधायक पटेल ने मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



कोटपूतली(कास)। विधायक हंसराज पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को दिये जाने वाले ईडब्ल्यूएस आरक्षण के प्रावधानों में सरलीकरण किये जाने की मांग की है। पत्र में पटेल ने अवगत करवाया कि देश में राजस्थान व गुजरात ऐसे दो राज्य है। जिनमें राज्य सरकार की नौकरियां पाने में आर्थिक आधार पर आरक्षण में केवल 08 लाख रूपये सालाना आय की शर्त है। जबकि केन्द्र सरकार की नौकरियां पाने में इस आरक्षण का लाभ उठाने हेतु 05 एकड़ से कम भूमि, ग्रामीण क्षेत्र में 200 गज से छोटा आवासीय प्लॉट, शहरी क्षेत्र में 100 गज से छोटा आवासीय प्लॉट एवं 01 हजार स्कवॉयर फिट से कम फ्लैट व 08 लाख रूपये तक सालाना आय होनी चाहिये। केन्द्र सरकार की नौकरियों व शिक्षा के अवसरों में आर्थिक आधार पर आरक्षण में कृषि भूमि एवं आवासीय भूखण्ड जैसी पात्रता की शर्तें राजस्थान जैसे मरूस्थलीय प्रदेश के संदर्भ में बेहद अव्यवहारिक है। क्योंकि राजस्थान में 05 एकड़ कृषि भूमि आम व्यक्ति के पास उपलब्ध हो जायेगी। परन्तु यहाँ की भूमि बंजर व अनुपयोगी होने के कारण इससे किसी भी प्रकार की आय नहीं होती।

## संपादकीय .....

# युद्ध के प्रति भारतीय तटस्थता नहीं, बल्कि शांतिपरक पक्षधरता

चाहे वैश्विक युद्ध की संभावना की बात हो या विभिन्न देशों के बीच ब्रेक के बाद जारी द्विपक्षीय युद्ध की, भारत ने साफ कर दिया है कि वह ऐसे किसी भी मामले में तटस्थ नहीं, बल्कि शांति का पक्षधर है। बता दें कि अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा (12-13 फरवरी 2025) के क्रम में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने एक सवाल का जवाब देते हुए यह साफ कर दिया है कि ÷रूस-यूक्रेन जंग पर भारत न्यूट्रल यानी तटस्थ नहीं है। भारत शांति का पक्षधर है।÷ इसलिए दुनियादारी के निष्णात लोग ह से हलंत तक की अटकलें लगा रहे हैं और उनके इस वक्तव्य के अंतर्राष्ट्रीय मायने निकाले जा रहे हैं। ऐसा इसलिए कि इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की संभावनाएं, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। वह हमेशा यही कहता रहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम के पक्षधर हैं। पीएम मोदी भी लगातार कहते रहे हैं कि यह युद्ध नहीं, बुद्ध का समय है। जी हां, भगवान बुद्ध!

वैसे दुनिया को यह भी पता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अमन-चैन के दुश्मनों से घिरा भारत यदि उनकी बड़ी-बड़ी कायराना व हिन्दू/भारत विरोधी हरकतों को नजरअंदाज करते हुए सीधी कार्रवाई से यदि बचता आया है तो सिर्फ इसलिए कि वह युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है। इन देशों का जन्म भी क्रमशः भारत और पाकिस्तान के विभाजन से हुआ है। पाकिस्तान ने आजादी हासिल करते ही कश्मीर के सवाल पर भारत से छद्म लड़ाई छेड़ दी। उसके बाद 1965 और 72 में सीधी लड़ाई लड़कर बुरी तरह से मात खाया। 1999 में भी उसने कारगिल में छद्म युद्ध छेड़ा और बुरी तरह से पीटा। उसके इशारे पर थिरकने वाले बंगलादेश की भी कुछ ऐसी ही नियति है।

उधर, 1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को प्रोत्साहन देता आया है। हालांकि, आजादी के बाद पाकिस्तान की और पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के दौरान बंगलादेश की भारत ने दिल खोलकर मदद की, लेकिन दोनों देश भारत से सांप्रदायिक नफरत रखते हैं, इस वास्ते किसी भी हद तक गुजर जाने के लिए ततपर रहते हैं और विदेशी ताकतों की हाथों में खेलते रहते हैं। भारत इसे बखूबी समझता है। वह इन दोनों देशों में निरंतर ब्रेक के बाद जारी हिंदुओं के दमन-उत्पीड़न और हत्याओं के बावजूद इन्हें क्षमा करता आया है, ताकि इनकी सांप्रदायिक फितरत बदलते। इतना ही नहीं, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव आदि जैसे मौकापरस्त पड़ोसी देशों से जुड़े घटनाक्रमों पर जब आप गौर करेंगे तो भारतीय धैर्य की दाद आपको देनी पड़ेगी। यदि उनके हितों का सवाल नहीं हो तो भारत ने कभी सैन्य हस्तक्षेप इन देशों के खिलाफ नहीं किया। वहीं, दुनियावी मंचों पर अमेरिका, सोवियत संघ (अब रूस), चीन आदि के मामलों में भी न तो किसी का पक्ष लिया, न किसी का विरोध किया।

# भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की हैं असाधारण उपलब्धियां

दिनांक 31 जनवरी 2025 को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा एवं राज्यसभा के संयुक्त अधिवेशन को अपने सम्बोधन में, हाल ही के समय में, भारत में विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा है कि ÷भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज मेरी (केंद्र) सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। और, इन निर्णयों में देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है।÷ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए उक्त भाषण में अंशों को जोड़कर इस लेख में यह बताने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार भारत में गरीब वर्ग, युवाओं, मातृशक्ति, किसानों, आदि के लिए विभिन्न योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं।



आज आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 5 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि का खर्च किए जाने की योजना है। इसी प्रकार, गांव में गरीबों को उनकी आवासीय भूमि का हक देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना के अंतर्गत अभी तक 2 करोड़ 25 लाख सम्पत्ति कार्ड जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग 11 करोड़ किसानों को पिछले कुछ महीनों में 41,000 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ नागरिकों के लिए ÷धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष÷ अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए अस्सी हजार करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। आज मध्यम वर्ग को मकान/फ्लैट खरीदने के लिए लोन पर सब्सिडी भी दी जा रही है एवं रेरा जैसा कानून बनाकर मध्यम वर्ग के स्वयं के मकान सम्बंधी सपने को सुरक्षा दी गई है।

देश के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आयुषमान भारत योजना चलाई जा रही है। अब इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया गया है। इन वरिष्ठ नागरिकों को प्रत्येक वर्ष में पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा।

केंद्र सरकार द्वारा आज युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की गई है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिये जाएंगे। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लागू किया गया है।सहकार से समृद्धि की भावना पर चलते हुए सरकार ने 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।

जब देश के विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिलने लगता है तभी विकास सार्थक होता है। गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिलने से उसमें जो सशक्तिकरण का भाव पैदा होता है, वो गरीबी से लड़ने में उसकी मदद करता है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बने 12 करोड़ शौचालय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क दिए गए 10 करोड़ गैस कनेक्शन, 80 करोड़ जरूरतमंदों को राशन, सौभाग्य योजना, जल जीवन मिशन जैसी अनेक योजनाओं ने गरीब को ये भरोसा दिया है कि वो सम्मान के साथ जी सकते हैं। ऐसे ही प्रयासों की वजह से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त करके आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने नियो मिडिल क्लास का एक ऐसा समूह तैयार किया है, जो भारत की ग्रोथ को नई ऊर्जा से भर रहा है। उड़ान योजना ने लगभग डेढ़ करोड़ लोगों का हवाई जहाज में उड़ने का सपना पूरा किया है। जन औषधि केंद्र में 80 प्रतिशत रियायती दरों पर मिल रही दवाओं से, देशवासियों के 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बचे हैं। हर विषय की पढ़ाई के लिए सीटों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी का बहुत लाभ मध्यम वर्ग को मिला है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में पच्चीस हजार बस्तियों को जोड़ने के लिए 70,000 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की हैं। आज जब हमारा देश अटल जी की जन्म शताब्दी का वर्ष मना रहा है, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उनके विजन का पर्याय बनी हुई है। देश में अब 71 वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेन चल रही हैं, जिनमें पिछले छह माह में ही 17 नई वंदे भारत और एक नमो भारत ट्रेन को जोड़ा गया है।

आगे आने वाले समय में देश के आर्थिक विकास में देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति के योगदान को बढ़ाना ही होगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। देश की दस करोड़ से भी अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इन्हें कुल नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंक लिंकेज के माध्यम से वितरित की गई है। केंद्र सरकार ने देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने लक्ष्य निर्धारित किया है। आज एक करोड़ 15 लाख से भी अधिक लखपति दीदी एक गरिमामय जीवन जी रही हैं। इनमें से लगभग 50 लाख लखपति दीदी, बीते 6 महीने में बनी हैं। ये महिलाएं एक उद्यमी के रूप में अपने परिवार की आय में योगदान दे रही हैं। भारत में सभी के लिए बीमा की भावना के साथ कुछ महीने पूर्व ही बीमा सखी अभियान भी शुरू किया गया है। बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूर दराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कृषि सखियां नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा दे रही हैं और पशु सखियों के माध्यम से देश का पशुधन मजबूत हो रहा है। आज भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में भर्ती हो रही हैं और कॉरपोरेट कंपनियों का नेतृत्व भी कर रही हैं। आज बालिकाओं की भर्ती राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में भी प्रारंभ हो गई है। नेशनल डिफेंस अकैडमी में भी महिला कैडेट्स की भर्ती शुरू हो गई है।

पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल ने युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए हैं। पिछले दो वर्षों में सरकार ने, रिकॉर्ड संख्या में दस लाख स्थायी सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। युवाओं के बेहतर कौशल और नए अवसरों के सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपए का पैकेज केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था से युवाओं को ग्राउंड पर काम करने का अनुभव प्राप्त होगा। आज भारत में डेढ़ लाख से अधिक स्टार्टअप हैं जो इनोवेशन के स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपए की लागत से स्पेस सेक्टर में वेंचर कैपिटल फंड की शुरुआत भी की गई है। आज भारत क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल इंडेक्स 2025 में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अर्थात, फ्यूचर ऑफ वर्क श्रेणी मेंढ्ढ और डिजिटल तकनीक अपनाने में भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भी भारत की रैंकिंग 76 से सुधर कर 39 हो गई है। यह सब भारतीय युवाओं के भरोसे ही सम्भव हो पा रहा है।

देश में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था तैयार की जा रही है। कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे, इसीलिए मातृभाषा में शिक्षा के अवसर दिये जा रहे हैं।

– प्रहलाद सबनानी

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

# आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है। आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए?

–ललित गर्ग

–ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में ही भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव में हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीट ही मिल पाई थी। जबकि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा महज 240 सीटों पर सिमट गई थी।

## शख्सियत

# देश के सबसे चहेती और लोकप्रिय नेता थीं सुषमा स्वराज, वाकपटुता में अच्छे-अच्छों को देती थीं मात



भारत की सबसे प्रसिद्ध राजनेताओं में से एक सुषमा स्वराज का 14 फरवरी को जन्म हुआ था। भले ही आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन लोगों के दिलों में आज भी उनका नाम और छाप उतनी ही गहरी है। सुषमा स्वराज को सबसे अच्छे विदेश मंत्री के तौर पर जाना जाता है। वैसे तो वह मोदी सरकार में मंत्री थीं, लेकिन सुषमा स्वराज की पहचान उनकी पार्टी से नहीं बल्कि उनके काम से होती थी। उनकी गिनती दरियादिल नेताओं में होती थी, जोकि सहानुभूति के लिए भी जानी जाती थीं। सुषमा स्वराज ने अपने कामों को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रखा। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर सुषमा स्वराज के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और शिक्षा

सुषमा स्वराज का जन्म 14 फरवरी 1952 में हुआ था। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से वकालत की पढ़ाई की थी। उनके पास राजनीति विज्ञान और संस्कृत में डिग्री भी है। उन्होंने देश की शीर्ष अदालत यानी की सुप्रीम कोर्ट में बतौर वकील अभ्यास भी किया था। फिर 1970 में वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ सुषमा स्वराज के राजनीतिक सफर की शुरूआत हुई।

### राजनीतिक जीवन

साल 1977 में सुषमा स्वराज ने हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री बनीं। यह एक बड़ी उपलब्धि थी कि महज 25 साल की उम्र में वह देश की सबसे कम उम्र की मंत्री बनी थीं। वहीं दो साल बाद 1979 में उनको भाजपा नेतृत्व ने पार्टी अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया। बाद में वह सबसे कम उम्र की कैबिनेट मंत्री रहीं।

### परिवार

सुषमा स्वराज शादी के बाद पति और बच्चों की जिम्मेदारी संभालती थीं। तो वह देश और अपने पद के प्रति भी उतनी ही गंभीर थीं। उन्होंने शादी के बाद अपने पति के सरनेम को अपनाया ही नहीं बल्कि पति के नाम को ही सरनेमा बना लिया था। दरअसल सुषमा स्वराज के पति का नाम स्वराज कौशल था। वहीं इस कदम से सुषमा स्वराज ने अपने स्वावलंबन और पति के प्रति प्रेम दोनों को दिखाया।

### उपलब्धि

उनकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि सुषमा स्वराज 7 बार संसद की सदस्य के तौर पर चुनी गईं। इस दौरान उनको उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार भी मिला था। वहीं साल 1996 में वाजपेयी की सरकार में सुषमा स्वराज सूचना और प्रसारण मंत्री के तौर पर कैबिनेट में शामिल हुई थीं। फिर साल 1998 में केंद्रीय मंत्रिमंडल को छोड़कर वह दिल्ली की पहली महिला सीएम बनीं। साथ ही उनको एक राजनीतिक दल की पहली महिला प्रवक्ता होने का गौरव प्राप्त है। उनके बोलने के कौशल की वजह से सुषमा स्वराज को लगातार तीन साल तक राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ हिंदी स्पीकर का पुरस्कार मिला था।

### विदेश मंत्री

बतौर विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने सबसे बड़ी उपलब्धियां हासिल की। न सिर्फ भारत में रहने वाले लोग बल्कि एनआरआई भी सुषमा स्वराज के फैन थे। जब भी कोई ट्वीट कर सुषमा से मदद मांगता तो वह फौरन सहायता का हाथ बढ़ाती थीं।



# बॉक्स ऑफिस पर बड़ी ओपनर बन सकती है विक्की कौशल की छावा

दिनेश विजान निर्मित और लक्ष्मण उतेकर निर्देशित ऐतिहासिक फिल्म छावा को लेकर दर्शकों में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में कितनी दीवानगी इस बात का सबूत फिल्म की 9 फरवरी से शुरू हुई एडवांस बुकिंग से चलता है। मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित यह फिल्म साल 2025 की अब तक की हाईएस्ट ओपनर बॉलीवुड फिल्म बनने की राह पर अग्रसर है। वैलेंटाइन के दिन 14 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने से पहले ही फिल्म एडवांस बुकिंग में नया रिकॉर्ड भी बना सकती है। जब से छावा के लिए सिनेमाघरों की टिकट खिड़कियां खुली हैं तभी से जमकर टिकट बिक रही है। 9 फरवरी को ही छावा की एडवांस बुकिंग शुरू हुई थी और सिर्फ चार दिन के अंदर ही इसने करोड़ों रुपए की कमाई करने में सफलता प्राप्त कर ली है।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार (12 फरवरी) को दोपहर 1 बजे तक फिल्म 2,17,629 टिकट सेल हुई हैं। एडवांस बुकिंग के जरिए लक्ष्मण उतेकर की निर्देशित फिल्म ने 6.15 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। जबकि ब्लॉक सीटों के साथ छावा ने 7.68 करोड़ रुपये कमाए हैं। उम्मीद है कि फिल्म पहले दिन 15 से 18 करोड़ रुपये कमा सकती है। मंगलवार को सुबह 11 बजे तक बॉक्स ऑफिस पर इसके एडवांस बुकिंग के पहले दिन करीब 1.48 लाख टिकट बिक चुके थे, जिससे कुल 4.21 करोड़ रुपए की कमाई हुई। ब्लॉक सीट डेटा सहित प्री-सेल्स बिजनेस के साथ फिल्म ने 5.53 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। कमाई के मुताबिक सबसे ज्यादा कारोबार महाराष्ट्र से हो रहा है जहां दर्शक छत्रपति संभाजी राज की यह फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि फिल्म छावा पहले दिन 15-18 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी के जीवन और उनकी वीरता पर आधारित है, जिन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ युद्ध किया था। बॉक्स ऑफिस को उम्मीद है कि छावा अजय देवगन की मराठा योद्धा तान्हाजी के ज्यादा बड़ी और भव्य फिल्म साबित हो सकती है। इस फिल्म को लेकर महाराष्ट्र के दर्शकों में जबरदस्त जुनून नजर आ रहा है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों को प्रभावित किया है। हालांकि सेंसर बोर्ड ने फिल्म के कुछ दृश्यों और संवादों को हटाने का निर्देश निर्माताओं को दिया जिसे उन्होंने तुरन्त स्वीकार करते हुए उनमें संशोधन कर दिया है। अजय देवगन की तान्हाजी ने अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था। छावा अगर उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल हो जाती है तो यह तय है कि विक्की कौशल हिन्दी सिनेमा के बड़े सितारों में शुमार हो जाएंगे।



# टॉक्सिक की शूटिंग दो भाषाओं में कर रहीं हैं कियारा आडवाणी

**अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।**

## दो भाषाओं में कियारा कर रहीं शूटिंग

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में टॉक्सिक से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। केजीएफ चैप्टर 2 के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं।

टॉक्सिक का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं।

## वॉर में भी जल्द आएंगी नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म गेम चेंजर में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।



# विवाद के बीच समय रैना के बचाव में आईं उर्फी

**समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में अभद्र टिप्पणी को लेकर रणवीर इलाहाबादिया विवादों में हैं। समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद कथित फ्रेंड समय रैना के बचाव में आईं हैं।**

मशहूर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में परिवार को लेकर अश्लील टिप्पणी की। उन्होंने जो कुछ भी कहा, उस पर विवाद हो रहा है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। रणवीर की अलोचना हो रही है तो समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। यूट्यूब पर आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने के लिए समय को जेल भेजने की मांग की जा रही है। इस पर उर्फी जावेद कथित दोस्त के बचाव में आई हैं।

## जेल नहीं भेजना चाहिए

समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट को यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ पिछले एपिसोड को लेकर कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। शो में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना की जमकर आलोचना हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्फी जावेद कहा है, भले ही पैनल पर इस तरह की टिप्पणियां की गई, जो आपत्तिजनक थीं, लेकिन इसके लिए उन्हें जेल नहीं भेजना चाहिए।

## जो कहा वो गलत था, लेकिन...

उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है, आपको कुछ लोग पसंद नहीं हैं, आपको उनकी कही या की गई बातें पसंद नहीं हैं, लेकिन इसके लिए आप उन्हें जेल भेजने की मांग कर रहे हैं? क्या वाकई? मुझे नहीं पता। समय दोस्त है, मैं उनका साथ देती हूं, लेकिन पैनल के बाकी लोगों ने जो कहा वह आपत्तिजनक था। वह टिप्पणी आपत्तिजनक थीं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे इसके लिए जेल जाने के लायक हैं।



# इमरजेंसी देख मृणाल ठाकुर ने की कंगना रनौत की तारीफ



बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी देखी। इसके बाद उन्होंने एक ट्रोल द्वारा इसे प्रोपेगैंडा फिल्म कहे जाने के बाद कंगना का बचाव किया। मृणाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कंगना की तारीफ की है।

## मृणाल ठाकुर ने की इमरजेंसी की तारीफ

मृणाल ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कंगना रनौत की तस्वीर शेयर कर उनकी तारीफ की है। उन्होंने लिखा, मैंने अभी-अभी अपने पिता के साथ सिनेमाघरों में इमरजेंसी देखी और मैं अभी भी उस अनुभव से उबर नहीं पाई हूं! कंगना रनौत की बहुत बड़ी प्रशंसक होने के नाते, मैं इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी और यह एक बेहतरीन फिल्म थी।

## मृणाल ने की कंगना की तारीफ

मृणाल ने लिखा, गैंगस्टर से लेकर क्वीन, तनु वेड्स मनु से लेकर मणिकर्णिका, थलाइवी और अब इमरजेंसी तक कंगना लगातार अपनी सीमाओं को लांघकर काम करती जाती हैं। इस फिल्म में कंगना का निर्देशन और अदाकारी दोनों शानदार हैं। कंगना, आप सिर्फ एक अभिनेता नहीं हैं। आप एक सच्ची कलाकार और प्रेरणा हैं। उनकी चुनौती पूर्ण भूमिकाएं हमेशा सबको प्रेरित करती हैं। कंगना रनौत और उनकी फिल्म की पूरी टीम ने एक बहुत शानदार मास्टर पीस बनाया है। मैं इसे बड़े पर्दे पर देख सकी, ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं आपकी तारीफ करना कभी बंद नहीं करूंगी। कंगना की फिल्म को लेकर मृणाल ने कहा कि पटकथा, संवाद, संगीत और संपादन बहुत अच्छे और अट्रैक्टिव हैं। उन्होंने फिल्म में नजर आए सभी कलाकारों की तारीफ की है। उन्होंने लिखा, अभिनेता ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# 'विश्वम्भरा' के सॉन्ग सीक्वेंस के लिए शूट करेंगे चिरंजीवी



मेगास्टार चिरंजीवी की तीन फिल्में आने वाली हैं। उन्हीं में से एक है 'विश्वम्भरा', जिसकी शूटिंग अभी चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन वशिष्ठ मल्लिदी कर रहे हैं और अभिनेत्री त्रिशा मुख्य भूमिका में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चिरंजीवी फिल्म का एक गाना शूट करने वाले हैं। इस सीक्वेंस में उनके साथ और कौन शामिल होगा इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इस गाने का म्यूजिक ऑस्कर विजेता एमएम कीरवानी ने तैयार किया है कहा जा रहा है कि फिल्म 9 मई 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी, हालांकि निर्माताओं द्वारा इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। इसके स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में चिरंजीवी के अलावा आशिका रंगनाथ, राम्या पसुपुलेटी, ईशा चावला, आश्रिता और अन्य कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म में कुणाल कपूर खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं।



# बी प्राक ने कैंसिल किया रणवीर अलाहबादिया का पॉडकास्ट

**पेरेंट्स और महिलाओं पर भद्दे कमेंट मामले के बाद सिंगर बी प्राक ने यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया के पॉडकास्ट में जाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा- मैं बीयर बाइसेप्स के पॉडकास्ट में जाने वाला था, लेकिन अब इसे कैंसिल कर दिया है। वजह उनकी गिरी हुई मानसिकता है। समय रैना के शो में कैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। यह हमारा इंडियन कल्चर नहीं है। बी प्राक ने यह बातें इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर कहीं।**

## 'रणवीर आप सनातन धर्म को प्रमोट करते हैं, लेकिन सोच घटिया'

बी प्राक ने कहा, 'आप (रणवीर) अपने पेरेंट्स की कौन सी स्टोरी बता रहे हैं। आप उनकी कौन सी बातें कर रहे हैं। किस तरीके से यह बातें कर रहे हैं। यह कॉमेडी है? इसे कॉमेडी तो बिल्कुल नहीं कहते। लोगों को गालियां देना, लोगों को गालियां सिखाना स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं है। मुझे समझ ही नहीं आ रहा है कि यह कौन सी जनरेशन है। शो में एक सरदार (बलराज घई) जी आते हैं। सरदार जी आप एक सिख हैं, क्या आपको यह चीजें शोभा देती हैं। सरदार जी इंस्टाग्राम के वीडियो में कहते हैं कि मैं गालियां देता हूं, क्या प्रॉब्लम है। हमें प्रॉब्लम है और रहेगी। रणवीर अलाहबादिया आप सनातन धर्म को प्रमोट करते हैं। इतने बड़े-बड़े लोग आपके पॉडकास्ट में आते हैं, बड़े-बड़े संत आते हैं और आपकी इतनी घटिया सोच है। आप इतने फेमस हो गए हैं। आपको तो यह दिखाना चाहिए कि अपने कल्चर को कैसे प्रमोट करें।'

सिंगर कहते हैं, 'दोस्तों मैं आपसे एक ही बात बोलूंगा कि अगर हम यह सारी चीजें नहीं रोक पाए, तो हमारी आने वाली जनरेशन का भविष्य बहुत खराब होगा। मैं समय रैना समेत सभी कॉमेडियन से हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि ऐसा मत करिए। हमारे इंडियन कल्चर को बचा कर रखिए और लोगों को मोटिवेट करिए। ऐसा कंटेंट बनाइए कि आने वाली जनरेशन को प्रेरणा मिले। थैंक्यू, राधे-राधे।

इंडियाज गॉट लेटेंट स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना का शो है, जिस पर विवाद हो रहा है। यह एपिसोड 8 फरवरी को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद एपिसोड को यूट्यूब से हटा दिया गया है। इस शो में पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर ऐसी बातें कही गईं। समय रैना के इस शो में बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। शो के दुनियाभर में 73 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। शो के हर एपिसोड को यूट्यूब पर औसतन 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिलते हैं। समय और बलराज घई को छोड़कर शो के हर एपिसोड में जज बदलते रहते हैं। हर एपिसोड में नए कंटेस्टेंट को परफॉर्म करने का मौका मिलता है। कंटेस्टेंट को अपना टैलेंट दिखाने के लिए 90 सेकेंड दिया जाता है।



# दर्शकों को नहीं पसंद आई जुनैद-खुशी की कॉमेडी

लवयापा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने की कगार पर पहुंच चुकी है। यह फिल्म अपने बजट का मुश्किल से 10 फीसदी ही कमा सकी है। सप्ताहांत के बाद फिल्म की कमाई अब लाखों तक ही सीमित रह गई है। सोमवार को इस फिल्म ने 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, पांचवें दिन इस फिल्म ने 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब पांच करोड़ 60 लाख रुपये हो गई है।

सभी शिशु रोते है, यह बिलकुल सामान्य बात है। अधिकांश शिशु प्रत्येक दिन कुल एक घंटे से लेकर तीन घंटे तक के समय के लिए रोते हैं। आपका नन्हा सा शिशु अपने आप खुद कुछ नहीं कर सकता है और वह आप पर अपनी हर जरुरत के लिए निर्भर करता है-चाहे वह भूखा है, आराम चाहता है या फिर प्यार और दुलार। आपका शिशु रो कर ही आपको यह बता सकता है की उसे किसी चीज की जरुरत है।



# जानें आखिर क्यों इतना रोता है आपका बच्चा और उसे संभालने के उपाय

आपके लिए कई बार यह पता चलाना मुश्किल हो जाता है की आखिर शिशु रो क्यों रहा है। लेकिन समय के साथ आप पहचानने लगेंगी और समझने लगेंगी की आपके शिशु के रोने का कारण क्या है। और जैसे जैसे आपका शिशु बढ़ता है वह आप के साथ बात चीत करने के अन्य तरीके सीख लेता है जैसे की आंखों का समपर्क, शोर मचाना या फिर मुस्कुराते हुए आपका ध्यान अपनी तरफ खींचना। अगर आपका शिशु रो रहा है और चुप नहीं हो रहा है तो हो सकता है वह आपसे से यह कहने की कोशिश कर रहा है..."



### मुझे भूख लग रही है

भूख किसी नवजात शिशु के रोने का सबसे बड़ा कारण है। किसी बच्चे का छोटा सा पेट बहुत कुछ भंडार में नहीं रख सकता। इसीलिए अगर आपकी संतान रोती है, तो उसे दूध पिलाने की कोशिश करें, क्योंकि वह भूखी हो सकती है।

### मेरी नैपी (कलोट) बदलो

कुछ शिशु अपनी नैपी बदलने की जरूरत पर बहुत ध्यान नहीं देते लेकिन कई दूसरे तुरंत ही चीख कर आपका ध्यान अपनी ओर खींचेंगे। खासकर तब, अगर उनकी कोमल त्वचा में खुजली या खुश्की हो। यह भी देखें कि कहीं नैपी बहुत कस कर तो नहीं बंधी है, या उसके कपड़े तो उसको परेशान नहीं कर रहे हैं।

### मुझे अधिक गर्म या अधिक ठंड लग रही है

जांच करें कि आपका शिशु अपने बिस्तर में कहीं बहुत अधिक गर्म या ठंडा तो नहीं महसूस कर रहा। इसे आप उसके पेट को छूकर पता कर सकते हैं ( उसके हाथ या पैर से पता नहीं लगेगा, वे सामान्य तौर पर ठंडे होते हैं)। अगर उसका शरीर अधिक गरम है, तो एक कंबल हटा दें। अगर वह ठंडा है तो एक और उढ़ा दें। मौसम के अनुसार कमरे का तापमान 22 और 25 डिग्री सेल्सियस के बीच में रखें।

### मुझे गोद में ले लो

कई बार आपका शिशु केवल दुलार चाहता है। चिंता न करें, अगर आप अपने शिशु को शुरुआती कुछ महीनों में अधिक समय तक उठा भी लेंगे, तो वह बिगड़ नहीं जायेगा। छोटे बच्चों को शारीरिक आराम और आश्वासन की बहुत जरूरत है। यदि आप अपने बच्चे को सीने से लगा के रखेंगे तो उसे आपकी दिल की धड़कन सुनकर दिलासा मिलेगा आप शिशु को एक बेबी स्लिंग या केरीयर में भी रख सकती है जो आपके सीने या पीठ पर बंधता हो ऐसा करने से शिशु आपकी गोद में रह सकेगा और बाकी कामों के लिए आपके हांथ भी मुक्त रहेंगे।

### मुझे आराम की जरूरत है

नवजातों के लिए काफी सक्रिय रहना कठिन होता है। उसके रोने का एक मतलब होता है- बस, मेरे लिए काफी है. रोना, चिढचिढाना, उदास हो कर छत के ओर घूरना नींद आने के कुछ उदाहरण हैं। उसे किसी शांत और खामोश जगह ले जाएं। कुछ देर बाद आप पाएंगे कि वह सोने के लिए तैयार है।

### मेरी तबियत ठीक नहीं है

अपने बच्चे में किसी भी परिवर्तन के बारे में सतर्क रहें। अगर वह अस्वस्थ है, वह शायद वह हमेशा की तरह न रोये। रोने का अलग ही स्वर हो सकता है, थोड़ा कम या अधिक या फिर चीख कर लगातार रोना। और अगर आपका शिशु आम तौर पर बहुत रोता है, लेकिन असामान्य रूप से शांत हो गया है, तो यह भी एक संकेत है कि उसकी तबियत ठीक नहीं है। कोई भी आपके शिशु को इतनी अच्छी तरह से नहीं जान सकता जैसे की आप। यदि आपको लगता है कि आपके शिशु की तबियत ठीक नहीं लग रही है तो डॉक्टर से बात करें और अपनी चिंताओं पर चर्चा करें। डॉक्टर को तुरंत बुलाएं अगर आपका शिशु को रोते समय सांस लेने में कठिनाई हो रही है, या अगर रोने के साथ उसे बुखार, उल्टी, दस्त या कब्ज भी हो रहा हो।

### मुझे कुछ चाहिए...पर पता नहीं क्या

कभी कभी आपको समझने में कठिनाई होगी की आखिर शिशु रो क्यूं रहा है। देखा गया है की अक्सर नवजात शिशु बीच में कुछ दिनों के लिए चिडचिडे हो जाते हैं या फिर रोते ही रहते हैं। कभी कभी यह एकदम ही चुप हो जाते हैं या फिर कभी कभी घन्टों तक रोते हैं। अक्सर यह पेट के दर्द याने कोलिक की वजह से होता है। कालिक कम से कम तीन दिनों के लिए, एक दिन में कम से कम तीन घंटे के लिए गमगीन रोने के रूप में प्रकट होता है। इससे निबटना कठिन होता है, वहीं इसकी कोई जादुई दवा भी नहीं है। हालांकि आपके लिए यह जानना फायदेमंद होगा कि दर्द कभी भी काफी दिनों तक नहीं रहता।

**मेरा शिशु लगातार रो रहा है मैं क्या करूं? यहां कुछ नुस्खे हैं जिससे आप अपने शिशु को आराम पहुंचा सकते हैं"**

### उसे लपेटें और कस कर पकड़ें

कई माता पिता यह देखते हैं की उनके शिशु गोद में आते ही चुप हो जाते हैं खासकर जब वह आपके दिल की धड़कन को सुन के सुखदायक महसूस करते हैं। कई नवजात लिपटना और सुरक्षित महसूस करना पसंद करते हैं। जैसा कि वह गर्भ में रहते हैं, तो आप अपने शिशु को कंबल में लपेटें (यह स्वैडलिंग के नाम से जाना जाता है) या बेबी स्लिंग में भी उसे रख सकते हैं ताकि जान सकें कि क्या वह उसे पसंद करता है। हलांकि कुछ शिशु ऐसे भी होते हैं जिन्हें लिपटे हुए रहना बिलकुल पसंद नहीं होता।

### एक लगातार ध्वनि खोजें

गर्भ में आपका शिशु आपके दिल की धड़कन लगातार सुनता रहता है। इसलिए मधुर संगीत की आवाज या लोरी से आपके शिशु को आश्वासन मिलेगा। कई माता पिता को लगता है कि घड़ी की टिक टिक के स्थिर लय अक्सर शिशु को खामोश करते हैं और सोने में भी मदद करते हैं। अब बाजार से संगीत के सीडी या फिर टेप खरीद सकती है जो नन्हे शिशुओं को सुलाने में मदद केंगे।

### अपनी बाहों में शिशु को घुमाएं

अधिकतर बच्चे धीरे-धीरे हिलना पसंद करते हैं, या तो आप उसे टहलाएं या गोद में लेकर एक हिलनेवाली कुर्सी मे बैठें। खास तौर पर बच्चों के लिए बनाए झूले भी कुछ बच्चों को शांत कर देते हैं, पर कई सो भी जाते हैं, जैसे ही उनको किसी कार में कहीं ले जाया जा रहा हो।

### दूध पिलाने के लिए अलग स्थिति खोजें

कुछ बच्चे दूध पीते समय रोते हैं यदि आप स्तनपान करा रहीं है तो आपने देखा होगा की शिशु आराम से स्तन मुह में लेता है जब वह शांत होता है। अगर फीड के दौरान शिशु को गैस हो रहा है, तो आप ऐसी स्तिति ढूंढे जिसमे वह थोडा और सीधा होकर दूध पी सके। दूध पिलाने के बाद शिशु को डकार अवश्य दिलाएं। अगर आपका शिशु दूध पीने के बाद भी रोता है तो हो सकता है वह अब भी भूखा है। दोबारा से उसे दूध पिलाने की कोशिश करें।



### उसे कुछ चूसने को दें

कुछ नवजातों में चूसने की इच्छा काफी तीव्र होती है और एक चुसनी या ( साफ) उंगली या अंगूठा उसे काफी आरामदेह लगता है। कम्फर्ट सकिंग किसी बच्चे के दिल की धड़कन को नियमित कर सकता है, उसके पेट को आराम पहुंचाता है, और उसे शांत कर देता है।

### उसे एक गुनगुना स्नान दें

गुनगुने पानी से स्नान आपके बच्चे को शांत करने में मदद करेगा पहले पानी का तापमान की जांच करें फिर शिशु को टब में डालें. यह बात ध्यान में रखें की अगर आप्कपके शिशु को स्नान पसंद नहीं है तो यह तरकीब काम नहीं करेगी- उल्टा शिशु और जोर से रोने लग सकता है।



### कभी खुद से बहुत अधिक न मांगें

एक नवजात जो लगभग लगातार रोता है वह खुद को तो नुकसान नहीं पहुंचाता, लेकिन अपने अभिभावकों को जरूर तनावग्रस्त कर सकता है। खैर, अगर आपने अपनी सोच के मुताबिक सब कुछ आजमा लिया है, तो समय आ गया है कि आप खुद की चिंता करें।

-यदि आप बाद प्रसव पूर्ण एकांतवास में हैं तो बाकि घर वालों की मदद लें।

-कुछ शांत संगीत सुनकर आराम करें।

-अपने शिशु को किसी सुरक्षित जगह लिटा दें और कुछ देर तक रोने दें-अपनी सुनने की सीमा के भीतर कुछ गहरी सांसें लें।

-यदि आप और आपका शिशु दोनों ही परेशान हैं और आपकी सारी कोशिशे नकाम सी लग रही है तो अपने पति या घर के किसी और रिश्तेदार की मदद लें।

-अपने डॉक्टर से स्थानीय समर्थन समूहों (लोकल सपोर्ट ग्रुप) का पता लगाएं, जहां आप दूसरे नए अभिभावक बने लोगों से अपने अनुभव साझा कर सकें।

-मित्रों या फिर माता पिता से बात चीत करें और कुछ रणनीतियों बनायें अपनी भावनाओं को साझा करने के लिए और अन्य नए माता पिता के साथ बात करें।

## इन गेम्स में रखें बच्चे को बिजी

# शैतान नहीं बनेंगे समझदार

कोरोना महामारी के कारण हर जगह लॉकडाउन किया गया। वैसे तो अब लोगों ने काम पर जाना शुरू कर दिया है। मगर बात बच्चों की करें अभी भी बहुत से बच्चे ऑनलाइन क्लासिस लगा रहे हैं। ऐसे में घर पर रहने से बच्चे भी परेशान हो गए है। साथ ही उनकी शरारतें भी तेजी से बढ़ रही है। कुछ बच्चों की शरारतों के चलते मां-बाप बेहद परेशान हो गए है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी गेम्स बताते हैं, जिसकी मदद से आप बच्चों को बिजी कर सकते हैं। साथ ही इससे वे नई चीजों को सीख सकते हैं। तो चलिए जानते हैं उन एक्टिविटी के बारे में...



**गार्डनिंग सिखाएं**

अगर आपको व बच्चों को पौधे पसंद है तो उनकी गार्डनिंग में मदद लें। उन्हें पौधों का महत्व बताते हुए रोजाना पानी देने की सीख दें। इससे उनके अंदर एक अच्छी आदत भी विकसित होगी।

**कुकिंग सिखाना भी अच्छा आइडिया**

आजकल के बच्चों को हर काम आना चाहिए। ऐसे में आपका बेटी हो या बेटी आप उन्हें कुकिंग सिखा सकती है। अगर आपके बच्चा ज्यादा छोटा है तो आप उनसे सैंडविच, बेल पुरी, चाट आदि बनवा सकती है। इसके अलावा केक, कुकिज बेक करवाना भी सही रहेगा। ऐसे में उसके अंदर एक और हुनर आएगा। साथ ही जरूरत पड़ने पर वे खुद के लिए खाना बना कर खा सकते हैं।

**ड्राइंग सिखाना भी सही**

बच्चों को कलर की दुनिया में खोने का अलग ही मजा आता है। ऐसे में आप उनसे पेंटिंग करवा सकते हैं। इसके लिए उन्हें एक ड्राइंग बुक व कलर खरीद कर उन्हें दें। अगर आपके बच्चे 5 से बड़े हैं तो आप उन्हें बबल पेंटिंग, पैबल पेंटिंग और स्प्रे पेंटिग सिखा सकते हैं। इससे वे बिजी भी रहेंगे साथ ही उनकी क्रिएटिविटी निखर कर सामने आएगी।

**पजल गेम से होगा दिमाग तेज**

शरारती बच्चों को हमेशा से दिमाग वाला काम करने का शौक होता है। ऐसे में आप उन्हें पजल गेम लाकर दे सकते हैं। आपको बाजार में बहुत सी पजल गेम्स आसानी से मिल जाएगी। इस तरह तरह वे उसे सुलझाने की कोशिश करेंगे। इससे उनका टाइम पास होने के साथ दिमाग का विकास होगा। साथ ही आपको भी उनकी शरारतों से आराम मिलेगा।



**अलग-अलग क्लासिस करवाएं ज्वाइन**

ज्यादा शोर मचाने वाले बच्चों को अक्सर इंस्ट्रयूमेंट पसंद होते हैं। ऐसे में आप उन्हें गिटार, पियानो, तबला, सिंगिंग या डांस की क्लासिस ज्वाइन करवा सकते हो। इसके लिए आपको ऑनलाइन क्लासिस आसानी से मिल जाएगी। इसके अलावा यूट्यूब की भी मदद ले सकते हैं। इस तरह बच्चे मजे-मजे में एक नई चीज आसानी से सीख लेंगे। साथ ही उन्हें आगे अपना लक्ष्य चुनने की भी प्रेरणा मिलेगी।



## आप थोड़ी सी सूझबूझ से निपटा सकते हैं भाई-बहनों के आपसी मसले, ये टिप्स आजमाएं

घर में अगर दो बच्चे हैं तो उनकी परवरिश के लिए समझ-बूझ की जरूरत होती है। सब बच्चों पर एक ही नियम लागू नहीं हो सकता, क्योंकि भाई-बहन में जहां प्यार होता है तो वहीं छोटे-मोटे झगड़े भी होते हैं। हर छोटी-बड़ी बात पर मम्मी-पापा को इनके झगड़े का हिस्सा बनना पड़ता है। अगर पैरेंट्स एक बच्चे के व्यवहार को सही कह दें और दूसरे के व्यवहार को गलत तो उसमें भी मुश्किल है, क्योंकि इससे एक बच्चे को बुरा लग सकता है। हम आपको कुछ ऐसी ही छोटी-छोटी बातें बता रहे हैं, जिससे आप अपने बच्चों की आपसी नोक-झोंक को समझदारी से सुलझा सकते हैं।



**झगड़े की वजह जानें**

अक्सर बच्चों के बीच झगड़ा होने पर पैरेंट्स उनके साथ समान व्यवहार पर ध्यान नहीं दे पाते। कई बार किसी बच्चे को गलती के लिए ज्यादा डांट पड़ जाती है, तो कई बार दूसरे बच्चे की शैतानी इग्नोर हो जाती है। किसी बच्चे को डांटने या उसकी गलती निकालने से पहले दोनों से पूरी बात जानें।

**रिस्पेक्ट का नियम बनाएं**

बच्चों के लिए व्यवहार के नियम बनाएं कि उन्हें कैसे एक-दूसरे के साथ पेश आना चाहिए। चाहे कितना भी गुस्सा क्यों न आए, बच्चों को एक-दूसरे को कैसे रिस्पेक्ट देनी है, अगर पहले से ही इस बारे में नियम बनाकर रखेंगे तो बच्चे अपनी लिमिट में रहेंगे और सभी संभव उपायों पर काम करेंगे।

**झगड़े का निपटारा करना सिखाएं**

बच्चों को सिखाएं कि किसी प्रॉब्लम से उन्हें कैसे डील करना है। आप बच्चों को एक ही सिचुएशन को अलग-अलग तरह से देखने के लिए प्रेरित करें। इससे उनका नजरिया बदलने में मदद मिलेगी और बच्चों की आपसी नाराजगी भी कम होती जाएगी।

**हर बच्चे की रुचि को सराहें**

कई बार बच्चों की अलग रुचि ही उनके आपसी झगडे की वजह बनती है। एक बच्चे को नृत्य और बाहरी गतिविधियों, खेलकूद में आनंद आता है, तो दूसरे को इंडोर गेम्स और क्रिएटिव चीजों में। अगर पैरेंट्स के इंटरेस्ट किसी बच्चे से मेल खाते हैं तो वे उसकी तारीफ करने लगते हैं, वहीं दूसरे बच्चे की पसंद उनसे मेल नहीं खाती तो वे उसकी हॉबी को लेकर ज्यादा चर्चा नहीं करते। ऐसा करने से बच्चों में कॉम्प्लेक्स आ सकता है। ध्यान रखें कि बच्चे के इंटरेस्ट चाहे आपसे मेल खाएं या नहीं, आपको दोनों पर ध्यान देने और सराहना करने की जरूरत है।

## रीडिंग हैबिट : अभिभावक रूम में बुक कॉर्नर बनाएं और उनको किताबें करें गिफ्ट

# ...बच्चे भी कर लेंगे किताबों से दोस्ती

प्रतीक्षा का 12 साल का बेटा है जो खेल-कूद में तो आगे है, लेकिन किताबों के नाम से दूर भागता है। जिसे लेकर वो काफी परेशान रहती हैं। ये समस्या हर उस घर की है जहां बढ़ती उम्र के बच्चे हैं। पैरेंट्स किताबें पढ़ने के लिए बच्चों पर तरह-तरह का दबाव तो डालते हैं, लेकिन **सही तरीके** नहीं अपनाते। चलिए हम **बताते हैं** कुछ ट्रिक्स, जिन्हें अपनाकर **आप** अपने बच्चों में डेवलप कर **सकते** हैं रीडिंग हैबिट।



**पहले पढ़कर सुनाएं :** इंट्रेस्टिंग किताबें लाएं। पहले खेल-खेल में किताब पढ़कर सुनाएं। इससे बच्चे में धीरे-धीरे पढ़ने की रुचि बढ़ेगी।

**इंट्रेस्ट की बुक लाएं :** बच्चों की उम्र के अनुसार उनके इंट्रेस्ट की किताबें लाएं। अपनी पसंद की किताबें पढ़ने का प्रेशर न डालें। इससे उनकी अरुचि और बढ़ेगी।

**हेल्पफुल हो सकते हैं न्यूज पेपर :** पढ़ने की आदत डालने में न्यूज पेपर हेल्पफुल बन सकते हैं। जब आप अखबार पढ़ें तो बच्चे को भी पास बैठा कर पेपर पढ़ने के लिए प्रेरित करें। नई-नई खबरों के बारे में उससे बात करें। इससे बच्चे की जानकारी भी बढ़ेगी और पढ़ने की आदत भी बनेगी।

**गिफ्ट करें किताबें :** बच्चे के बर्थ डे पर या किसी खास मौके पर उसे उपहार के तौर पर किताबें गिफ्ट करें।

**लाइब्रेरी फ्रेंडली बनाएं :** बच्चे को लाइब्रेरी ले जाएं। बहुत सारी किताबें देखकर उसकी रुचि जागेगी। बच्चे को अलग-अलग विषयों की किताबों के बारे में बताएं। वहां बैठे बहुत से लोगों को पढ़ते देख बच्चे को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

**रूम में बनाएं बुक कॉर्नर :** बच्चे के रूम में एक बुक कॉर्नर बनाएं। जिसमें अलग-अलग विषयों की किताबें रखें। बुक शेल्फ को रोचक तरीके से सजाएं। ये ट्रिक मददगार साबित होगी।

**ई-बुक यूज न करें :** बच्चे को ई-बुक यानी मोबाइल, लैपटॉप या टैब से किताबें पढ़ने की आदत बिल्कुल न डलवाएं। कई बार बच्चा पढ़ने का बहाना बनाकर गैजेट्स का मिस यूज भी कर सकता है।

**टाइम-टेबल बनाएं**

बच्चों की पढ़ाई के लिए टाइम-टेबल बनाना बहुत जरूरी है। जब भी टाइम-टेबल बनाएं, बच्चों के साथ अपना भी टाइम-टेबल साझा रखें। सुबह बच्चों को जल्दी स्कूल पहुंचना होता है, आपको भी दफ्तर पहुंचने की जल्दी होती है। इसलिए सुबह का समय टाइम-टेबल में शामिल नहीं हो सकता। पर जब आप दफ्तर से लौटते हैं, टीवी देखने या दफ्तर का काम निपटाने के बजाय रात को कम से कम दो घंटे का समय बच्चों के लिए रखें। चूंकि माताएं रात के भोजन की तैयारी और दूसरे घरेलू कामों में लग जाती हैं, इसलिए पिता को ही अपना समय बच्चों को देना होगा। रात को ग्यारह बजे तक जगा जा सकता है।



बच्चों को पढ़ाते समय या उनके पढ़ते समय साथ बैठते समय, चाहें तो आप भी कुछ पढ़-लिख या दफ्तर का काम कर सकते हैं। पर ध्यान रखें कि आपकी नजर उनकी पढ़ाई पर हो। जैसे ही बच्चों को खुद पढ़ने के लिए छोड़ेंगे, वे दूसरी तरफ ध्यान लगाएंगे। बीच-बीच में बच्चों से उनकी पढ़ी हुई बातों के बारे में पूछते रहें।

## पुनीता शर्मा का डीईओ बनने पर अभिनन्दन



जयपुर टाइम्स

**चोमू(निसं.)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धोबलाई मे कार्यरत प्रधानाचार्या पुनीता शर्मा को शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नत होने पर विद्यालय परिवार द्वारा अभिनन्दन व स्वागत किया गया। हाल ही राज्य सरकार द्वारा 182 प्रधानाचार्यों को जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर रा उ मा विद्यालय घोबलाई के समस्त स्टाफ द्वारा खुशी व्यक्त की गई तथा पदोन्नत जिला शिक्षा अधिकारी शर्मा को माला,साफा व बुके भेंट किये तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. महावीर सिंह चौपड़ा, हनुमान सिंह यादव,चिरंजी लाल सोनी, बनवारी लाल आलोरिया,अर्जुन लाल यादव,अमित यादव, ओमप्रकाश कुमावत,अनिता खेदड़,रामचन्द्र यादव,सुनिता मालपानी, अशोक कुमावत, निरमा,सुनैना,मनीष कुमार बुनकर तथा शैतान मल यादव उपस्थित रहे।

## पशु कल्याण जागरूकता के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू कस्बे में 15 फरवरी शनिवार को पशु कल्याण जागरूकता माह के रूप में एसएमएफजी (एनजीओ) ग्राम विकास शक्ति चाकसू एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निः शुल्क निवारण एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत करेडा खुर्द के गांव कल्याणपुरा में किया गया। इस अवसर पर एनजीओ के सीओ मैनेजिंग डायरेक्टर मि. शान्तनु कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय चाकसू के उपनिदेशक, डॉ आर.सी.बैरवा ने बताया कि शिविर में 30 पशुओं की चिकित्सा, 5 पशुओं का हनिम गर्भाधान, 3 पशुओं की शल्य चिकित्सा, 20 पशुओं का बाझपन निवारण, 320 भेड़ बकरियों के फडकिया रोग का टीकाकरण व दवा छिड़काव, 165 पशुओं को कृमि नाशक दवा का वितरण निःशुल्क कर, 62 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया। इस शिविर में डॉ संजय कुमार मीणा, दयाशंकर प्रजापति, पशुधन प्रसार अधिकारी, मानदाता वर्मा, पशुधन निरिक्षक ने अपनी सेवायें दी।

## विद्यालय में माता-पिता पूजन दिवस मनाया गया



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड के झांपदा कला विद्यालय में माता-पिता पूजन दिवस प्रधानाचार्य रामलाल मीणा की अध्यक्षता में माता-पिता पूजन दिवस मनाया गया। जिसमें मीणा ने माता-पिता से बढ़कर के संसार में कोई भी देव नहीं इस बारे में विस्तार से बताया गया। इसलिए माता-पिता को सभी सर्वोपरि मानते हुए प्रतिदिन चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करें। इसके साथ ही स्थानीय शाला के शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता, नारायण लाल ट्रेलर एवं रामेश्वर प्रसाद मीणा ,शिक्षक कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि माता-पिता के चरणों में नमन करने से बुद्धि बल विद्या और यश की प्राप्ति होती है माता-पिता से बढ़कर संसार में और कोई देवता नहीं है कैलाश चंद शर्मा ने बताया की मात-पिता गुरु प्रभु की वाणी बिनई विचार करई शुभ जानी इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक इस दिवस पर उपस्थित रहे बालकों ने भी माता-पिता की सेवा के बारे में विस्तार से बताया गया।

## सऊदी अरब में काम करने गए पिता की मौत, बेटा बोला- शव लाने में लगेंगे 3 लाख रुपए

**झुंझुनूं(निसं.)** सऊदी अरब से पिता का शव झुंझुनूं लाने के लिए बेटों ने भारत सरकार से गुहार लगाई है। बेटों का कहना है कि उनके पिता करीब 20 साल पहले सऊदी अरब काम करने गए थे। लेकिन बीते दिनों उनकी बीमारी से वहां मौत हो गई। अब उनकी बॉडी को झुंझुनूं के पैतृक गांव लाने में करीब 3 से साढ़े 3 लाख रुपए का खर्चा आएगा, जो फिलहाल उनके पास नहीं है। ऐसे में प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखा गया है, जिससे पिता का शव स्वदेश लाया जा सके। दरअसल, जिले के जाखोद पंचायत के बिशनपुरा निवासी राजेन्द्र नायक करीब 2005 में सऊदी अरब कमाने गया था। उसके बाद से आज तक अपने घर नहीं लौटा। परिजनों के अनुसार- राजेंद्र नायक का 25 जनवरी को सऊदी अरब में निधन हो गया था। शव भारत के लिए 3 लाख रुपए खर्च आएगा। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हैं। ऐसे में परिवार शव को भारत लाने में असमर्थ है। करीब 21 दिनों से शव सऊदी अरब के अस्पताल में रखा हुआ है। बेटे संदीप नायक ने बताया- पिता राजेन्द्र नायक करीब 20 साल पहले सऊदी अरब गए थे और वहीं एक अरबी के घर काम कर रहे थे। वे अक्सर फोन पर परिवार से बात करते थे और हर बार अगली बार आने का वादा करते थे। 2-3 महीने से वे घर खर्च के लिए पैसे भी भेजते थे।

## बालिका विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** स्थानीय हलवाई बाजार में संचालित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक में शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह शाला प्रधानाचार्या नविता कुमारी वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह रतनी देवी रही तो विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सत्यनारायण सैनी, प्रमोद कुमार जांगिड़, सुरेश सारस्वत रहे। अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। फिर शाला स्टाफ द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय में सन 1994 बैच की पूर्व छात्राओं ने इक्कीस हजार रुपए भेंट किए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं, पूर्व विद्यार्थियों ओर भामाशाहों का शाला स्टाफ द्वारा सम्मान किया गया। मंच संचालन शर्मीला भाटिया ने अपने चिर परिचित अंदाज में किया। शाला प्रधानाचार्या नविता कुमारी वर्मा ने आगुंतकों का आभार प्रकट करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर उप प्राचार्या अनिता पीटर्स, मनोहर सिंह, सपना कुमावत, कमला बागड़ी, तरुणा बंसल, मीनाक्षी मीणा, बीना मौर्य, धर्मराज खांडेकर, शर्मिला भाटिया, अर्जुन सिंह मीणा, एकता वर्मा, राहुल बोदल्या, वर्षा शर्मा, हेमवती कुमावत, आरती गुर्जर, सुमित्रा नाथावत सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद रहें।

## अंतिम उड़ान एयरपोर्ट मोक्षधाम समिति ने नपा अध्यक्षा सावित्री देवी स्वामी का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**नरैना(निसं)।** जब कोई व्यक्ति जनहित का अच्छा कार्य करता है तो स्वत ही सबके लिए सम्मान का पात्र बन जाता है ओर ऐसे व्यक्ति का सार्वजनिक रूप से यथोचित सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। यह विचार अंतिम उड़ान एयरपोर्ट मोक्षधाम समिति के सेवाभावी व कर्मठ कार्यकर्ता सत्यनारायण शर्मा ने वार्ता के दौरान व्यक्त किये। गत दिवस अंतिम उड़ान एयरपोर्ट मोक्षधाम समिति ने मोक्षधाम परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर नपा अध्यक्षा सावित्री देवी स्वामी का शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इसी दौरान विशेष सहयोग के लिए विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. पुखराज स्वामी का साफा बंधवाकर व माला पहनाकर कर अभिनंदन किया गया। आजाद चौक सिंहली की पाल स्थित अंतिम उड़ान एयरपोर्ट मोक्षधाम समिति के विशेष आग्रह पर नपा की सेवाभावी अध्यक्षा सावित्री देवी स्वामी ने रैदास बगीची से अंतिम उड़ान एयरपोर्ट मोक्षधाम तक सीसी सड़क का निर्माण कराकर अंतिम संस्कार करने हेतु जाने वालों के लिए राहत प्रदान की है। मोक्षधाम समिति के मोहनलाल कुमावत ने बताया कि उक्त मोक्षधाम पर जाने के लिए रास्ता बेहद खराब था लेकिन अब नपा अध्यक्षा सावित्री देवी स्वामी ने सीसी सड़क बनाकर राहत प्रदान की है। मोक्षधाम समिति के हुकमीचंद कुमावत ने बताया कि नपाध्यक्ष सावित्री देवी स्वामी ने मोक्षधाम परिसर में कनेक्टिंग सड़क व वृक्ष की शीतल छाया में बैठने के लिए वृक्ष के गट्टे के चारों तरफ चमकीला ग्रेनाइट लगाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान समाजसेवी पवन लुहाड़िया, कैलाश चंद मुरारका, पूर्व उपसरपंच संगीता सोगानी, सुरेश मीणा, राधेश्याम मुरारका, अवधेश बोरायड़ा, सुधीर पारीक, सुनील पारीक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कुंभ की सफलता पूर्वक यात्रा करने के पश्चात निर्धन लोगों को बाँटे कंबल



जयपुर टाइम्स

**फालना बाली(निसं.)।** उद्योग व्यापार संघ के अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा एवं उनके परिचितों ने नौ दिवसीय कुंभ के यात्रा एवं उसके आस पास धार्मिक यात्रा नौ दिनों से पूर्ण करने के पश्चात फालना आने पर आज उन्होंने मैं निर्धन एवं असाहय एवं ग़रीब व्यक्तियों को कंबल बाँटे एवं उन्होंने कहा कि निर्धन की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा होती है और निर्धन लोगों ने भी कंबल पाकर हो उनको आशीर्वाद प्रदान किया और गंगा भैया की जय कारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया इस अवसर पर व्यापार संघ अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा,नरेंद्र सिंह उदावत,अमित मेहता,अशोक पारेख,कैलास बावल, रवींद्र सिंह जोधा,घिसा राम चौधरी, प्रियक अग्रवाल आदि लोगों की उपस्थिति में कंबल वितरण का कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मार्च 2025 के सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित




जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम ने एडीआर सेंटर में बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च 2025 को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से आयोजित होगी। इस लोक अदालत में वन टाइम सेटलमेंट ऑफर के तहत प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्लेम, एनआई एक्ट धारा 138, धन वसूली, गृहकर, स्थानीय निकायों से जुड़े विवाद, राजस्व विवाद, उपभोक्ता मामले एवं अन्य सिविल प्रकरणों का निस्तारण आपसी राजीनामे के आधार पर किया जाएगा। इससे न्यायालय एवं आमजन दोनों का समय और धन बचेगा। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढा सहित बैंक और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन, 160 पशुपालक हुए लाभान्वित

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बागावास अहिरान के ग्राम पंचायत परिसर में शनिवार को निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन एसएमएफजी संस्थान के तत्वाधान में किया गया। इस दौरान अनेकों पशुपालकों ने शिविर में हिस्सा लिया।वहीं शिवर आयोजन के अंतर्गत आनेको लोग मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष भारद्वाज, ब्रांच मैनेजर जयपाल सिंह राठौड़, रामावतार यादव, राहुल योगी, नितेश चौधरी ,राजेश जाट सहित आनेको लोग मौके पर मौजूद रहे,वहीं डॉक्टर रामसिंह यादव व डॉ राजेंद्र चौधरी,अमित यादव पशु कंपाउंडर ने पशुपालकों की समस्याएं सुनकर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई,इस दौरान रामावतार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन के अंतर्गत आनेको पशुपालकों को दूध बढ़ाने के तरीके साथ ही पशुओं में फैल रहे विभिन्न प्रकार के रोगों के बारे में जानकारी देकर उनके उपचार की बात कही गई। इस दौरान पशुओं की जांच करके दवाई भी दी गई। कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत पूर्व सरपंच भागीरथमल यादव, पेमाराम यादव ,शंकर लाल भकरिया ,राजेश पायलट, मामराज यादव ,कालू सिंह, रामेश्वर यादव ,रामनिवास ,सुंदरलाल, कमल कुम्हार,किसान नेता गिरधारीलाल मोटन,कृष्ण मीणा ,पुष्पेंद्र यादव सहित आनेको लोगों ने हिस्सा लिया।

## विराटनगर क्षेत्र में 17 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित होंगे फार्मर रजिस्ट्री शिविरः एसडीएम अमिता मान

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं इससे संबंधित विभागों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पूरे राज्य में किसानों के लिए एक व्यापक व एकीकृत रजिस्ट्री बनाने के कार्य हेतु तहसील क्षेत्र विराटनगर में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का ग्राम पंचायत वार आयोजन 17 फरवरी से 1 मार्च तक होगा। वहीं एसडीएम अमिता मान ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का आयोजन प्रातः 9.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक होगा। जिसमें भविष्य में पीएम किसान सम्मन निधि योजना, लाभ से वंचित पात्र, एमएसपी,डीबीटी, बारिश , सूखे से प्रभावित किसानों की पहचान करना,बेहतर नियोजित, बजट एवं क्रियान्वयन एवं कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री आईडी आवश्यक होगी। इस शिविर में तहसीलदार लालाराम यादव को समग्र शिविर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया। इस दौरान 17 फरवरी से 19 फरवरी तक बीलवाडी में,20 फरवरी से 22 फरवरी तक लुहाकाना कला में, 24 फरवरी से 26 फरवरी पूरावाला , आमलोदा दूधी, तेवडी में,तथा 27 फरवरी से 1 मार्च तक बागावास अहिरान, छितौली, पापड़ा में पंचायतवार शिविर आयोजित होगा।

## छात्र पेड़ से लटका मिला, जेब में मिला सुसाइड नोट

**टोंक**(निस) टोंक जिले में मालपुरा उपखंड के पचेवर थाना क्षेत्र के बरोल गांव में शुक्रवार शाम राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 12वीं कक्षा के एक छात्र का शव शुक्रवार शाम छह बजे पेड़ से लटका मिला। छात्र की पेंट की जेब में सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार स्कूल के टीचर और ग्रामीण को जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों और ग्रामीणों को शुक्रवार देर शाम को इसका पता लगा तो उनका गुस्सा फूट पड़ा।

**कार्यालय- विजेन्द्रा खेतान एडवोकेट, न्यायालय परिसर,**
**सुजानगढ़, मो. न. 9413449951**

**सार्वजनिक सूचना**

उक्त र्साजनिक सूचना मैं मेरे मुवक्किल कैलाश चौधरी पुत्र स्व. श्रीलाल चौधरी, उम्र 68 वर्ष, निवासी कस्बा रतनगढ़ की हिदायतानुसार एवं निर्देशानुसार प्रेषित कर रही हूं

जो कि कस्बा रतनगढ़ के वार्ड न. 28 सुरेका गली में मेरे मुवक्किल कैलाश चौधरी के कब्जेशुदा, उपयोग, उपभोग का अग्रलिखित आसा पासा का एक परिसर हवेली मय भूमि स्थित है-

| उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|
| मंजू देवी / कैलाश | द्वारका गौरीसरिया | वेजनाथ धानुका | सड़क आम |

जिसका सिविल दावा न्यायालय श्रीमान वरिष्ठ सिविल जज, रतनगढ़ में विचाराधीन है, जिस पर सम्पूर्ण पर उक्त कैलाश का वास्तविक एवं भौतिक कब्जा है, जिसका इकरारनामा बाबत विक्रय भूमि उक्त के पक्ष में निष्पादित किया हुआ है। कुछ भू-माफिया उक्त भूमि मय हवेली को अवैध रूप से विक्रय करने की फिराक में हैं, जिनका कि उनको कोई वैध अधिकार नहीं है। अगर कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि मय हवेली का किसी तरह का अन्य हस्तान्तरण, ईकरारनामा, विक्रय पत्र आदि करता है, तो वह प्रारंभतः ही शून्य होगा, जिसका कोई कानूनी प्रभाव नहीं है । अतः हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार के किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा उक्त भूमि सम्पति के सम्बंध में किसी के पक्ष भी किया गया कोई भी करार, ईकरारनामा, विक्रय पत्र, कियायानामा एवं अन्य किसी भी प्रकार का हस्तान्तरण आदि प्रारम्भ से ही मिथ्या, अवैध व शून्य होगा ।

दिनांक 15-02-2025
स्थान- सुजानगढ़

भवदीय विजेन्द्रा खेतान,
एडवोकेट, सुजानगढ़

**SOFCOM SYSTEMS LIMITED**
(CIN-L72200RJ1995PLC010192)
Reg.Off. : D-36, Subhash Marg, Flat No. 802, Sheel Mohar Apartment, C-Scheme, Jaipur-302001, Rajasthan, India, E-mail: sofcomsystemsltd@gmail.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (STANDALONE) FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2024** (Rs. In Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | For the Quarter ended on | | | For the Nine Months ended on | | For the year ended on |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-12-2024 (Unaudited) | 30-09-2024 (Unaudited) | 31-12-2023 (Unaudited) | 31-12-2024 (Unaudited) | 31-12-2023 (Unaudited) | 31-03-2024 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 95.00 | 29.40 | 11.45 | 724.40 | 35.00 | 35.75 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax exceptional and /or Extraordinary items) | 18.57 | 16.61 | 9.98 | 25.38 | 28.35 | 23.57 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary item) | 18.57 | 16.61 | 9.98 | 25.38 | 28.35 | 23.57 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and /or Extraordinary item) | 12.18 | 16.61 | 5.55 | 19.00 | 24.42 | 17.46 |
| 5 | Total Comprihensive income for the period [Comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive Income (after tax) | 12.18 | 16.61 | 5.55 | 19.00 | 24.42 | 17.46 |
| 6 | Equity Share Capital | 463.16 | 463.16 | 463.16 | 463.16 | 463.16 | 463.16 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserves) as shown in the Audited Balacesheet of the previous year | - | - | - | - | - | - |
| 8. | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing operations*) Basic & Diluted | 0.29 | 0.40 | 0.13 | 0.46 | 0.59 | 0.42 |

*There are no discontinuing Operations

**Common Notes to above results :**
1. The Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended on 31 December, 2024 were reviewed by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 14 February, 2025.
2. The Limited Review of Un-Audited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2024 as required in terms of Regulation 33 of the SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 has been carried out by Statutory Auditors.
3. The full format of the Financial Results is available on the Stock Exchange website, www.bseindia.com and on the Company's website www.sofcomsystemslimited.com.

**Date : February 14, 2025**
**Place : Jaipur, Rajasthan.**

For and on behalf of the Board,
Sofcom Systems Limited
Sd/-
Priti Apurvbhai Shah
Managing Director
DIN : 07165786

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
16 फरवरी, 2025

## गोगा मेड़ी धाम सीगड़ा में नलकूप निर्माण शुरू



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** सीगड़ा (दड़िया का बास) के गोगा मेड़ी धाम पर नए नलकूप का निर्माण शुरू किया गया। पण्डित रामदेव शर्मा वाहिदपुरा ने मंत्रोच्चारण के साथ यजमान भगत चन्दगीराम बलौदा व पत्नी संतोष को पूजा करवाई। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश तेतरवाल, भागीरथ दड़िया, मास्टर भानीराम झाझड़िया, प्रताप मीणा, रणजीत ठेकेदार ने पहला फावड़ा लगाकर शुभ शुरुआत की। जनसहयोग से बनने वाले नलकूप के अलावा धाम पर अन्य विकास कार्य भी शीघ्र करवाने की योजना बनाई गई। इस अवसर पर हरिसिंह खीचड़, रामदेव खीचड़, रोहिताश डीलर, संजू खीचड़, मनीराम, परमेश्वरी, सुमन, प्रकाश, शारदा, संतोष आदि उपस्थित रहे।

## सिग्नल कोर का 115 वां स्थापना दिवस मनाया: शहीदों को दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण इकाई सिग्नल कोर का शनिवार को 115 वां स्थापना दिवस मनाया गया। पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। स्थापना दिवस समारोह में शेखावाटी के तमाम पूर्व सैनिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सिग्नल कोर की गौरवशाली परंपरा को याद किया। पूर्व सैनिक बलबीर सिंह भैड़ा ने कहा कि 15 फरवरी 1911 को स्थापित हुई थी। सिग्नल कोर भारतीय सेना के संचार और सूचना तंत्र की रीढ़ मानी जाती है। यह कोर सेना के संचालन और युद्धक रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों ने सिग्नल कोर के योगदान पर प्रकाश डाला और वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के प्रति प्रेरित किया। सेवानिवृति जवानों ने पोस्टिंग के दौरान के बाते साझा की। इस मौके पर विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें वीर सैनिकों की बहादुरी और सेवा को सराहा गया और उनका सम्मान किया गया। इस दौरान शेखावाटी के अनेक सैनिक मौजूद रहे।

## खेल के क्षेत्र योगदान के लिए सैनी को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** खेल के क्षेत्र में अनुकरणीय व सराहनीय योगदान व उत्कृष्ट कार्य के लिए वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप सैनी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दंतुजला में आयोजित संक्षिप्त व गरिमामय समारोह में संस्था प्रधान जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और खेल के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य व योगदान की सराहना की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य बनवारी लाल ढुकिया, सुरेश कस्वां, कमला फेनिन, सुरेश पचार, विनोद कुमारी, संतरा सरावग, रघुवीर महरिया,कमला ढुकिया, कमला जाखड़, सुमित्रा मंडीवाल, रामचंद्र भास्कर, प्रमिला कुमारी, मधुसूदन शर्मा, ताराचंद सुण्डा सहित स्टाफ कर्मी छात्र छात्राएं मौजूद रहे। संचालन राजेश बियाणी ने किया।

## विदेशी सैलानियों ने टॉपर विद्यार्थियों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** मंडावा कॉलेज में शनिवार को विदेशी सैलानियों ने टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान किया। मंडावा कॉलेज प्रबंध समिति अध्यक्ष अंगददेव सिंह की अध्यक्षता में नीदरलैंड की दो विदेशी पर्यटकों की ओर से कुल पाँच टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ट्रस्टी व प्रबंध समिति सदस्य शिवचरण गाडोदिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम सैनी, दीपक खाण्डल उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ वन्दना गौतम ने बताया कि नीदरलैंड की दो विदेशी महिलाओं टिनी एब्राटेन्सकी व मारिचा एब्राटेन्सकी की ओर से महाविद्यालय के पाँच टॉप विद्यार्थियों को एपल के टेबलेटस् भेंट किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## जननी और जन्मभूमि का स्थान स्वर्ग से श्रेष्ठ: जोशी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** विशाखापट्टनम प्रवासी, धर्मानुरागी व मण्डावा निवासी पंडित अनिल जोशी ने कहा कि जननी (माता) और जन्मभूमि का स्थान स्वर्ग से भी श्रेष्ठ व महान है। हमारे वेद, पुराण और धर्मग्रंथ सदियों से दोनों की महिमा का बखान करते रहे हैं। जोशी शनिवार को मण्डावा स्थित होटल हैरिटेज में आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा माता का प्यार, दुलार व वात्सल्य अतुलनीय है। इसी प्रकार जन्मभूमि की महत्ता हमारे समस्त भौतिक सुखों से कहीं अधिक है। लेखकों, कवियों व महामानवों ने जन्मभूमि की गरिमा और उसके गौरव को जन्मदात्री के तुल्य ही माना है। जोशी ने कहा, जिस प्रकार माता बच्चों को जन्म देती है और उनका लालन- पालन करती है, अनेक कष्टों को सहते हुए भी बालक की खुशी के लिए अपने सुखों का परित्याग करने में भी नहीं चूकती उसी प्रकार जन्मभूमि जन्मदात्री की भांति ही अनाज उत्पन्न करती है। आरम्भ में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक की अगुवाई में जोशी को भगवान श्री कृष्ण व राधा जी की तस्वीर, श्रीफल व साहित्य भेंटकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पंडित अनिल जोशी की ओर से विशाखापट्टनम में महाभारत कथा, श्रीराम कथा, शिवपुराण कथा, श्रीमंद भागवत कथा सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता रहा है। सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जोशी उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। कार्यक्रम में पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी, कोलकाता प्रवासी भामाशाह शंकरलाल सुरोलिया, किशोरसिंह राठौड़, संघनिष्ठ सज्जनलाल शर्मा, प्रदीप सिंह, नमन पारीक, एसपी लाहोरा, जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## दादी नेणी बाई के आराधना स्थल का किया शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय भाईजी चौक पर सिंधी समाज की आराध्य दादी नेणी बाई के आराधना स्थल व बाबा बहारमल योगी आश्रम का शिलान्यास व भूमिपूजन शनिवार को समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। सिंधी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश खत्री ने बताया कि सिंधी समाज के आर्थिक सहयोग से नवनिर्मित इस टिकाणे के शिलान्यास समारोह में सिंधी समाज के लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस दौरान पंड़ितों ने वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना करवाई। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए। कार्यक्रम के मुख्य यजमान केवल राम चेनानी ने सपत्नीक पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में घनश्याम दास मोरानी, लीलाधर राजपाल, अमर मोरानी, रमेश कलवानी, मोहन कृपलानी, टोपन दास नंदवानी, ताराचंद चेनानी, प्रदीप टेवानी, किशोर कृपलानी, टोरमल, विजय इसरानी सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

## करंट बालाजी मंदिर में भगवान परशुराम की मूर्ति-प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय तारानगर रोड़ स्थित करंट बालाजी मंदिर में सोती चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के बाद शनिवार को भगवान परशुराम की मूर्ति-प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। पंड़ितो ने वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा -अर्चना करवाई। गौरतलब है कि सवा तीन फीट लंबी इस मूर्ति को गुड़गांव के कलाकार मातुराम कुमावत के परिजनों ने बनाई। कार्यक्रम में सोती चेरीटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी व समाजसेवी बनवारीलाल सोती व उनकी पत्नी सत्यभामा ने पूजा-अर्चना की और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। ट्रस्ट के शंभुदयाल शर्मा ने बताया कि मूर्ति-प्रतिष्ठा समारोह में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील ओझा, शंकर सोती, महेंद्र गोयल, जयकुमार शर्मा, नवीन शर्मा, हेमंत, फतेहचंद सोती, राजेश सोती, पूर्व सभापति रामगोपाल बहड़, विजय शर्मा, विप्र फाउंडेशन विश्वनाथ शर्मा, छह न्याती ब्राह्मण समाज के महेश बावलिया, योगेश गौड़, श्यामलाल झिकनाड़िया, एडवोकेट बाबूलाल शर्मा, मंगतुराम चोटिया, वरिष्ठ शिक्षक जगदीश शर्मा, श्रीराम पीपलवा, कैलाश नवहाल, राधेश्याम चोटिया, संदीप पाटिल व मनोज सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गैर सरकारी विद्यालयों के लिए नवीन मान्यता, क्रमोन्नति आदि के आवेदन आमंत्रित




जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए गैर सरकारी क्षेत्र में संचालित विद्यालयों के लिए नवीन मान्यता अथवा संचालित विद्यालयों की क्रमोन्नति और विद्यमान गैर सरकारी विद्यालयों में अतिरिक्त संकाय, विषय, माध्यम और भवन, स्थान,वर्ग, नाम और माध्यम परिवर्तन, प्रबन्ध अन्तरण, मान्यता समर्पण व माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड (सीबीएसई, सीआईएससीई, सीआईएई अथवा आईबी) से संबद्धता प्राप्त के लिए एनओसी की इच्छुक संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन आगामी 15 फरवरी से 14 मार्च तक सामान्य शुल्क तथा 15 से 31 मार्च तक विलम्ब शुल्क के साथ पीएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आमन्त्रित किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए जारी विज्ञप्ति में विभाग की ओर से जारी होने वाली माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर के अलावा अन्य बोर्ड से संबद्धता के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र की समयावधि 1 वर्ष से बढ़ाकर 2 वर्ष के लिए मान्य रहेगी। मान्यता, क्रमोन्नति आदि के संबंध में आवश्यक कक्षा-कक्ष के मापदण्ड में माध्यमिक स्तर व उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में न्यूनतम आवश्यक कक्षा-कक्ष की संख्या में 2 कक्षा कक्षों की कमी की गई है। इसके बाद अब माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के लिए न्यूनतम 12 कक्षा कक्ष और उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालय के लिए न्यूनतम 14 कक्षा कक्ष आवश्यक होंगे।

## टैलेंट हंट में 'करिश्मा' टॉपर

जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं(निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में मेधावी छात्राओं को तरासने के लिए 12 जनवरी को "टैलेंट हंट 2025" का आयोजन किया गया था। परीक्षा में जिले भर की 111 सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों से 11 वी व 12 वीं की 1721 में मेधावी छात्राओं ने भाग लिया था। इस टैलेंट हंट में करिश्मा पुत्री जगदीश प्रसाद, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हंसासर ने प्रथम स्थान, वैशाली पुत्री नंदकिशोर, भागीरथमल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ढ़िगाल ने द्वितीय स्थान व अनिता पुत्री बनवारी लाल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाजपा जिला उपध्याक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने टैलेंट हंट में विजेता प्रतिभाओं को शुभकमनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को प्रथम वर्ष में निःशुल्क अध्ययन करवाया जाएगा। महाविद्यालय प्रचार्य डॉ. सुमन जानू ने बताया कि इन प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आगामी एक मार्च को महाविद्यालय प्रांगण में किया जाएगा, जिसके तहत प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभा को 11000 रूपये व द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभा को 7100 रूपये व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभा को 5100 रूपये की नकद राशि, मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात रहे विद्यालय स्तर पर दस या दस से अधिक छात्रा प्रतिभागियों ने भाग लिया है उनमें प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को 500 रूपये की नकद राशि सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाएगी।

## शिक्षक संघ सियाराम की बैठक आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की बैठक का आयोजन रविवार को किया जायेगा। मंत्री मनोहरसिंह राठौड़ ने बताया कि उपशाखा मुख्यालय पर स्थित सुजानगढ़ नागरिक परिषद स्कूल में बैठक का आयोजन होगा, जिसमें मांग पत्र के समर्थन में आंदोलन की रणनीति पर विचार किया जाएगा। साथ ही बीदासर व सुजानगढ़ तहसील के नव पदोन्नत प्राचार्यों और जिला शिक्षा अधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। इसी प्रकार सदस्यता अभियान पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

## पंच कल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां जोरो पर

**फुलेरा (निस)**कस्बे के जोबनेर रोड स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन नसियां में जैन समाज की ओर से श्री मज्जिनेन्द्र मान स्तम्भ जिन बिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 19 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरो पर है। श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष निलेश कुमार बड़जात्या ने बताया कि प्रणम्य सागर महाराज संघ के सानिध्य में श्री सकल दिगंबर जैन समाज फुलेरा की ओर से 19 से 21 फरवरी तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर कस्बे के ही नहीं अपितु देश प्रदेश के संपूर्ण जैन समाज के धर्मावलंबियों की ओर से पूरे उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन करने की तैयारियां की जा रही हैं।

## जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने की स्कूली बच्चों से मुलाकात



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने शनिवार को मंडावा के एक निजी स्कूल के विद्यार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने स्कूली बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान की बजाय प्रयोगधर्मिता को बढ़ावा देते हुए विद्यार्थी 'करके सीखने' की कार्य विधि से ज्ञान अर्जित करें। इस दौरान मुलाकात के दौरान टीम लीडर हितेश पचार और कृति खांडल के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को ने जिला कलेक्टर को स्वयं की ओर से बनाए गए ड्रोन एवं उसे संचालित रिमोट कंट्रोल मॉडल फाइटर प्लेन, जिसका नाम स्कूली बच्चों ने इंसपायर्ड -40 रखा, भी उड़ाकर बताया। बच्चों ने बताया कि वे अलग-अलग स्ट्रीम में मेजर, आरएएस, डॉक्टर, इंजीनियर इत्यादि बनना चाहते हैं। इस पर जिला कलक्टर मीणा ने उन्हें विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान विद्यार्थी हिमांशु शर्मा, मुकेश, मानवेंद्र, रविंद्र, मयंक, अब्दुल्ला, अशरफ, निकिता शेखावत, अक्सा खान, जीत, लक्ष्मी, सोनल, जसमीत, हिना व शिक्षण संस्था के संचालक डॉ दिनेश भी मौजूद रहे।

## शिशु वाटिका विभाग का वार्षिकोत्सव आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** प्रभादेवी सोढ़ानी प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर में शिशु वाटिका विभाग का वार्षिकोत्सव शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष ललित पंवार, व्यवसायी सुशील कुमार जाजोदिया, समिति के मंत्री मुरारी लाल महर्षि, व्यवस्थापक पुरुषोत्तम मिश्रा, दीपक जाजोदिया, सुरेंद्र कुमार इंदौरिया, पुरुषोत्तम बील अतिथि के रूप में मंचस्थ रहें। अतिथियों की ओर से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने एकल नृत्य, युगल नृत्य, सामूहिक नृत्य ,एकल गीत, सामूहिक गीत, कविताएं आदि की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार पारीक माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर स्टेशन मार्ग के प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा सहित अभिभावक स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन तारामणी वेदी व विजेंद्र कुमार ने किया ।

## विद्यार्थियों को अपराध रोकथाम के संबंध में किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** थाना पचेरी कलां ईलाका के विद्यालयों व चमेली देवी बालिका सी.सै. बालिका विद्यालय, बुहाना के करीबन 60 छात्र-छात्राओं व अध्यापक की ओर से पुलिस थाना का भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों को थानाधिकारी राजपाल उनि. व मुलाजमानों की ओर बढ़ महिलाओं व बालकों के विरूद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी दी जाकर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को नवीन कानूनों बीएनएस व बीएनएसएस 2023 के तहत नागरिकों को प्राप्त अधिकारों, यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को आपातकालीन सहायता नंबर 112, चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098, गरिमा हेल्पलाईन नंबर 1090, साईबर क्राइम हेल?पलाईन नंबर 1930 व राजकॉप सीटीजन एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाकर नागरिकों की सुरक्षा व पुलिस संबंधी सुविधाओं के उपयोग के लिए अपने परिजनों से एप डाउनलोड करवाने के लिए प्रेरित किया गया।

## विधायक जेठानंद व्यास ने अक्षय पात्र फाउंडेशन के इलेक्ट्रोनिक वाहनों को दिखाई हरी झंडी

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने अक्षय पात्र फाउंडेशन को चांडक ग्रुप की ओर से भेंट किए हुए तीन इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर भोजन वितरण के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से यह पुण्य का कार्य किया गया है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ईंधन की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक परिवहन प्रणाली को ध्यान रखते हुए चांडक ग्रुप की ओर से संस्था को तीन इलेक्ट्रोनिक वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। ऐसे सामाजिक सरोकार कार्य समय-समय पर होने चाहिए। अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से केंद्रीकृत रसोई के माध्यम से बीकानेर शहर के 240 सरकारी विद्यालयों के 20 हजार बच्चों को मध्याह्न का भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। सभी स्कूलों में 15 वाहनों के माध्यम से भोजन वितरित किया जाता है। संस्था प्रबंधन चंपाराम चौधरी ने बताया कि चांडक ग्रुप की ओर से मिड डे मील के लिए भरपूर सहयोग किया जाता है। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोडा, मनिन्द्र जोशी, संजय दत्त कराना, श्योप्रकाश, संदीप शर्मा, रमाशंकर पांडे मनोज कुमार, कमल, हेमंत, अनिल आचार्य व मनोज कुमार रावत शामिल रहे।

## 9 अवैध पेयजल कनेक्शन हटाए



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता व उनकी टीम ने सहायक अभियंता राजेन्द्रसिंह बागोरिया के निर्देशानुसार गाँव सुखवासी की 61 ढाणियों में जाने वाली मुख्य पाईप लाइन से 9 अवैध कनेक्शन हटाए। इसी प्रकार कनिष्ट अभियंता रितु रॉय व उनकी टीम ने गाँव ब्रह्मनगर मुख्य पाईप लाइन से 02 कनेक्शन हटाए। सहायक अभियंता बागोरिया ने बताया कि जिनके अवैध कनेक्शन काटे गए हैं, उनसे वीसीआर के माध्यम से जुर्माना राशि वसूल की जाएगी। विभाग की ओर से भविष्य में अवैध कनेक्शनधारियों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

## राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण




जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कोलकाता प्रवासी मूलतः रतनगढ़ निवासी भामाशाह ललीत कुमार भरतिया के सौजन्य व व्याख्याता रिखा राम तालणिया की प्रेरणा से राजलदेसर के विद्यालय नं.3 में आंगनवाड़ी व विद्यालय के कक्षा एक से चार के उपस्थित 60 बच्चों को स्वैटर वितरण की गई। इससे पूर्व भी ललीत कुमार भरतिया की ओर से असहाय वृद्धजनों को तीस गर्म कम्बल वितरण की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमश्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर के व्याख्याता रिखा राम तालणिया व विशिष्ट अतिथि युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल रहे।अध्यक्षता संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद प्रजापत ने की। कार्यक्रम में एडवोकेट जेपी बलानिया व लालचंद पंवार अतिथि रहे। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ की सरिता जोशी व सुनिता सिद्ध उपस्थित रहे। संचालन अध्यापक अमित कुमार शर्मा ने किया।

## वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह, वक्ताओं ने दिया शिक्षा पर जोर




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के आदर्श पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार प्रहलाद राय पारीक व विशिष्ट अतिथि लायंस क्लब के अध्यक्ष अनिल गोयल व स्कूल के निर्देशक डॉ कविता लाटा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। अतिथियों व अभिभावकों का विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार प्रहलादराय पारीक ने कहा कि शिक्षा व संस्कार जीवन का एक नया रूप देती हैं। शिक्षा एक इंसान के जीवन में बहुत अहमियत रखती है। शिक्षा से ही मनुष्य के जीवन का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए जीवन मे अगर कुछ बनना है तो उसके लिए शिक्षा जरूरी है। समारोह में विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक खेलकूद व कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 100 छात्र-छात्रा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने का नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लक्षिता पारीक, कार्तिक, नारायण, तनुज पारीक, अलवीरा, चिराग, दिशा, वंश, मोनिका, तेजस्वी, परिधि, पल्लवी, राधिका, काव्या, राघव, आस्था, हिमांशी, सिद्धार्थ, हार्दिक, अर्श, दिव्या, भाग्यश्री आदि ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम में भाग लिया। समारोह में स्कूल के निदेशक डॉ कविता लाटा ने स्कूल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और आए हुए अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। समारोह में सोनिया वर्मा, कंचन शर्मा, अंबिका, ग़ुलसफा, रंजना लाटा, नीलम, कोमल पारीक आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्याम शर्मा और निकिता सैनी ने किया।

## न्यायालय का 46 वां स्थापना दिवस मनाया

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय न्यायालय का स्थापना दिवस न्यायालय परिसर में मनाया गया। एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी, एसीजेएम विकास गजराज, अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. गोर्वधन चौधरी, अपर लोक अभियोजक एड. श्याम सुन्दर खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रेम किशोर चौहान ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रेम किशोर चौहान ने अपने साथियों के साथ एक से बढ़ कर एक सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर तिलकार्चन कर व पुष्प हार पहना कर अतिथियों का स्वागत किया गया और कलाकारों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर एड. निरंजन सोनी, हरिशचंद्र पारीक, कुंभाराम आर्य, अशोक कुमार पारीक, हरिप्रसाद दाधीच, कमल गोयतान, विनोद सोनी, सुरेश शर्मा, राजकुमार चायल, करणीदान चारण, सलीम खान मोयल, गजेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, दिनेश दाधीच, तोलाराम गोदारा, मनीष गोठडिया़, नवरतन सैनी, डूंगर सिंह सहित अनेक वकील मौजूद रहे।

# हरिसिंह बेनीवाल जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** तारानगर के राजगढ़ रोड पर स्थित जाट भवन में राजस्थान जाट महासभा के पदाधिकारियों की बैठक राजस्थान जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष हरिसिंह बेनिवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें समाज में व्याप्त बुराईयों का निराकरण करने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजस्थान जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वाँ व राजस्थान जाट महासभा के उपाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने तहसील अध्यक्ष हरिसिंह बेनिवाल को माला पहनाकर स्वागत करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। बैठक को संबोधित करते हुए रामरतन सिहाग ने बताया कि सामाजिक समरसता और सामाजिक मूल्यों की रक्षा करने के साथ-साथ सर्व समाज से समन्वय कायम रखना चाहिए। जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वाँ ने बताया कि हमें सभी समाजों का आदर करते हुए हर समाज के उच्च आदर्श और नीतियों का पालन करते हुए समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। बैठक में पूर्व प्रधान और जिला परिषद सदस्य तिलोकाराम कस्वाँ ने समाज में व्याप्त बुराईयों का निराकरण करने की आवश्यकता जताई। तहसील अध्यक्ष बेनिवाल ने समाज हित में कार्य करने के साथ सबका आभार जताया। बैठक में राजस्थान जाट महासभा के जिला महासचिव रामलाल सहारण, जिला कार्यकारिणी सदस्य जीताराम जान्दू, जिला कार्यकारिणी सदस्य सत्यप्रकाश बेनिवाल, संरक्षक मण्डल के गिरधारीलाल सिहाग, तहसील के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भोजराज महला, उपाध्यक्ष रमेश कस्वाँ, महासचिव विनोद कस्वाँ, सचिन मदनलाल कालेर, संयुक्त सचिव रोहित भाकर, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश भाकर, शिशपाल धिनवाल सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

# लूंछ की सरकारी स्कूल में 30 लाख की लागत से बनेगा इंदिरा देवी बैद स्मृति सभागार

## निर्माण कार्य का भूमि पूजन




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के ग्राम लूंछ की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह जोधराज बैद परिवार के जी पी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की ओर से बनवाए जा रहे इंदिरा देवी बैद स्मृति सभागार का निर्माण शनिवार को विधि - विधान पूर्वक प्रारंभ हुआ। लगभग तीस लाख की लागत से बनने वाले सभागार का भूमि पूजन साहित्य कला संगम के अध्यक्ष वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी के सान्निध्य में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित शिक्षक और भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास ने सपत्नीक किया। पंडित सत्यनारायण धर्ड के आचार्यत्व में शिला पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इससे पूर्व ग्रामवासियों ने बैद परिवार के प्रतिनिधि के रूप में वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी का दुपट्टा और माल्यार्पण कर स्वागत किया। गोस्वामी ने मंगल भाव व्यक्त करते हुए बैद परिवार की ओर से निर्धन व जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था के लिए निरंतर किए जा रहे योगदान को प्रेरणादाई बताया। उन्होंने दान और सद्कर्म की महिमा भी बताई। प्रेरक कुलदीप व्यास ने बताया कि भामाशाह जोधराज बैद की ओर से राजकीय विद्यालयों के विकास के लिए करवाए जा रहे कार्यों में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहा में बरामदे सहित तीन कक्षा- कक्ष और राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय नौसरिया में दो कक्षा- कक्ष व शौचालय ब्लॉक का निर्माण पूर्ण होने के बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लूंछ में भव्य सभागार का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुरलीधर शर्मा, रत्तू सिंह, श्याम सिंह, रामचंद्र पूनिया ख्यालीराम ढाका, हरदेवराम पूनिया, तोलाराम, ओमप्रकाश शर्मा, प्रभु सिंह, महेंद्र श्योराण, राधेश्याम शर्मा, भगीरथ श्योराण, गोरधन जांगिड़, परमानंद शर्मा, गोगराज जांगिड़, दल्लू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन हरीकृष्ण शर्मा ने किया।

### शादी में बारातियों को दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

# बेटी की शादी पर सेवानिवृत अध्यापक ने हेलमेट किए वितरण

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** धानणी के सेवानिवृत अध्यापक किशोर कुमार शर्मा ने बेटी की शादी में 250 हेलमेट बांटकर पहनने की शपथ दिलाई। सेवानिवृत अध्यापक पिता ने बेटी की शादी में बारातियों को उपहार में दिए हेलमेट, पूर्व में विभिन्न कार्यक्रमों में 700 हेलमेट वितरण कर चूके धानणी में सेवानिवृत अध्यापक पिता ने अपनी बेटी की शादी पर सड़क सुरक्षा को लेकर अनूठी मिसाल पेश की और दूल्हे सहित सभी बारातियों व अतिथियों सहित कुल 250 हेलमेट प्रदान कर दुपहिया वाहन चलाते समय हर बार हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया। गाँव धानणी के किशोर कुमार शर्मा की पुत्री हर्षिता की गुरूवार रात को नवलगढ़ तहसील के गांव बिड़ोद छोटी के रविकान्त पुत्र प्रभुदयाल डीडवानियाँ से शादी हुई। सालासर डिप्टी दिलीप कुमार मीणा व सीकर ट्रैफिक इन्चार्ज सुभाषचन्द्र व सेवानिवृत सीबीईओ रामनिवास शर्मा ने सबसे पहले दूल्हे को हेलमेंट प्रदान करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए केन्द्र व राज्य सरकार भी अपने स्तर पर प्रयास कर रही है, मगर इनको रोकने के लिए सबसे जरूरी है खुद की सुरक्षा व जागरूकता। यही जागरूकता का संदेश किशोर कुमार शर्मा व उनके पुत्र पवन कुमार शर्मा कर रहे है। पहले भी किशोरकुमार शर्मा ने अपनी बेटी शंकुतला की शादी में बारातियों को हेलमेट भेंट किए थे व अपनी सेवानिवृति समारोह पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें भी सभी रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट किए। इससे पहले पूर्व में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में 700 हेलमेट वितरित कर चुके व भविष्य में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान से जन जन को जोड़ने के उद्देश्य से पिता पुत्र काम कर रहे है। डिप्टी ने कहा कि सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना चाहिए, ताकि दुर्घटना होने पर किसी को अकाल मौत का शिकार होने नहीं पड़े। इस दौरान वर वधु पक्ष के परिजन व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# टेबलेट वितरण और भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राजकीय सेठ एल.एन.बागला बालिका उमा वि. चूरू में शनिवार को टेबलेट, पुरस्कार वितरण और भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हरलाल सहारण, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत कुमार शर्मा, अभिषेक चोटिया व एसएमसी के सदस्य उमेशचन्द्र चौहान आदि ने दीप प्रज्वलन कर किया। संस्था प्रधान पुरुषोत्तम सोनी ने संस्था के शानदार परीक्षा परिणाम, बालिकाओं के शैक्षिक और सह शैक्षिक गतिविधियों की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्रा पायल शर्मा, रिधु चारण, संजना कानखेड़िया, प्रेरणा, रिया सैनी, प्रतिभा भार्गव, पलक स्वामी, नेहा शर्मा और नोहिद आदि को टेबलेट वितरित किए गए। विभिन्न कक्षाओं में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं सहित शानदार परीक्षा परिणाम देने वाले विषयध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक हरलाल सहारण ने बालिका प्रोत्साहन के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य अमरसिंह कस्वां ने परोपकार की भावना के साथ चरित्र निर्माण पर बल दिया। रोहिताश मीणा ने शिक्षा के साथ संस्कारी बनते हुए आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। प्रबंधक जसविन्द्र सिंह ने सीएसआर योजना में विद्यालय को 5 हजार का कंप्यूटर विद प्रिंटर भेंट किया। समाजसेवी राजपाल ने आर्थिक सहयोग दिया। पूर्व सरपंच हरफुल आर्य ने अपने उद्बोधन से करियर निर्माण पर बल दिया। इस अवसर पर प्राचार्य मदनलाल जांगिड़, सावित्री मीणा उप प्राचार्य विजेन्द्र कुमार, रुखसाना बानो, प्यारेलाल कड़वासरा, कृष्ण कुमार सैनी, सद्दीक खान, शिव कुमार प्रजापत, ओम प्रकाश, अरविन्द सोनी सहित समस्त स्टॉफ और बालिकाएं उपस्थित रही। संचालन विनोद कुमार पूनिया व दमयंती शर्मा ने किया।

## आग लगने से 13 झुग्गी झोपड़ियां जलकर राख



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के बीकानेर रोड़ पर कल्याणपुरा फांटा के पास आवासन मंडल की भूमि पर झुग्गी झोपड़ियां बनाकर मध्य प्रदेश के गरीब मजदूर अस्थाई रूप से निवास करते हैं। शनिवार दोपहर को एक झुग्गी झोपड़ी में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आस पास की 13 झुग्गी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। पास में स्थित तेजाजी मंदिर सेवा समिति के राकेश चौधरी ने आग लगने की सूचना नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी को दी और सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंची नगरपरिषद की दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया उस समय तक झुग्गी झोपड़ियों में रखा हुआ घरेलू सामान जलकर राख हो गया। बता दे कि यहां पर अस्थाई रूप से निवास करने वाले मध्य प्रदेश के मजदूर सुबह शहर में मजदूरी करने के लिए चले जाते हैं और उनके छोटे-छोटे बच्चे यहां पर खेलते रहते हैं। आगजनी में गनीमत रही की यहां पर खेल रहे बच्चे इस आगजनी की चपेट में नहीं आए। बता दे कि अब इन 13 गरीब परिवारों के आशियाने पूरी तरह से उजड़ चुके हैं और इनके खाने-पीने का सामान, पहनने और ओढ़ने के कपड़े भी जल चुके हैं। हालांकि तेजाजी मंदिर सेवा समिति के राकेश चौधरी ने कहा कि समिति की ओर से इन मजदूरों के कपड़े और खाने की व्यवस्था शाम तक कर दी जाएगी ताकि इन गरीब मजदूरों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली।

## चैंपियन निर्मला भाटी का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** खो-खो वर्ल्ड कप 2025 में विजेता टीम की सदस्य रही निर्मला भाटी का गत रात्रि को स्थानीय भोजलाई चौराहे पर अभिनंदन किया गया। प्रभु राम बावरी ने बताया कि चैंपियन बिटिया के साथ-साथ उसके पिताजी ओमप्रकाश भाटी का भी साफा पहना कर स्वागत किया गया। इस सम्मान समारोह में पूर्व सरपंच सवाई सिंह, भाजपा नेता गणेश मंडावरिया, प्रभु राम बावरी वेदप्रकाश, सुरजाराम बावरी, मुकेश बावरी, मनोज बावरी, भेराराम बावरी, रामकरण बावरी, सुरेंद्र बावरी, राजूराम बावरी आदि ने चैपिंयन खिलाड़ी निर्मला भाटी का अभिनंदन किया।

## ढ़ाई लाख लोगों को रोजगार देने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अहिंसा विकास मंच के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपकर करीब ढ़ाई लाख लोगों को रोजगार दिए जाने की मांग की है। बैदी में ज्ञापन में बताया है कि गौसेवा के माध्यम से यह सब संभव किया जा सकता है। इसलिए गौपालकों को 25 प्रतिशत सब्सिडी सरकार दे और 70 प्रतिशत राशि का ऋण मुहैया करवाया जाए और गौ पालक का खुद का खर्चा मात्र 5 प्रतिशत लगे, तो प्रदेशभर में करीब ढ़ाई लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है। बैदी ने ज्ञापन में बताया है कि गौपालन से दूध उत्पादन, डेयरी, मिठाई उद्योग, दवा उद्योग आदि को बढ़ावा मिलेगा, जिससे प्रदेशभर में करीब ढ़ाई लाख लोगों को योजनाबद्ध तरीके से रोजगार मुहैया करवाया जाए।

## नर्सिंग सेवाओं के लिए चिकित्सालय में कुर्सियां की भेंट

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय डीबी चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर विनोद महिचा की 11 वर्षों की अनवरत नर्सिंग सेवाओं के लिए उनके पिता रणजीत महिचा ने चिकित्सालय के वाचनालय के लिए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल को कुर्सियां वितरित की। नर्सिंग ऑफिसर विनोद महिचा ने बताया कि वाचनालय में कुर्सियों का उपयोग चिकित्सालय में आने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों मेडिकल, पैरा मेडिकल, जीएनएम, एएनएम, बीएससी नर्सिंग आदि के विद्यार्थियों के लिए बहुत ही लाभप्रद रहेगा। वाचनलय में विद्यार्थी अध्ययन कर पायेंगे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल ने रणजीत महिचा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपअधीक्षक डॉ. इदरीश खान, नर्सिंग अधीक्षक रमेश कुमारी, उषा कुमारी, रामगोपाल, महेन्द्र भाम्भू, सन्तोष, सुभाष पूनिया, हरिश, पन्नालाल, प्रवीण, शुभकरण, सुमन सहारण, अजय, राहुल, संन्दीप, नरेश व सुभाष सैनी आदि उपस्थित रहे।

## सरदारशहर में कांग्रेस को मिली बड़ी जीत, गणेशी देवी 671 मतों से विजयी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के ब्लॉक 8 के पंचायत समिति सदस्य उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी गणेशी देवी जाखड़ ने शानदार जीत हासिल की है। दिवंगत बीडीसी सदस्य सोहनलाल जाखड़ की पत्नी गणेशी देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा की मुली देवी को 671 मतों के अंतर से पराजित किया। 14 फरवरी को हुए चुनाव की मतगणना 15 फरवरी को सुबह 8 बजे से शुरू होकर 10.30 बजे तक चली। एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी के अनुसार कुल 5,980 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। छह राउंड की मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी को 2,538 वोट मिले। जबकि भाजपा उम्मीदवार को 1,867 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के गजूराम जाट को 1,394 वोट प्राप्त हुए। इस चुनाव में 37 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। मतगणना के दौरान एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी, तहसीलदार रतनलाल मीणा, नायब तहसीलदार प्रहलाद राय पारीक, निर्मल सोनी और मनफूल सारण मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में की गई। जिसमें सैकड़ों पुलिसकर्मी तैनात रहे। परिणाम घोषित होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाकर मतदाताओं का आभार जताया।

## पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने किया अमृता हाट मेले का अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने शनिवार को जिले के सरदारशहर उपखंड मुख्यालय स्थित ताल मैदान में चल रहे अमृता हाट मेले का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक संध्या में राउमावि नंबर 4 सरदारशहर की बालिकाओं, राउमावि बीकमसरा की बालिकाओं, श्रीराम पब्लिक स्कूल सरदारशहर की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, नायब तहसीलदार प्रहलाद राय पारीक सहित अथिति मंचस्थ रहे। अतिथियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगोयुक्त मेमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय प्रयास है। जिला प्रशासन की ओर से आंचलिक विशेषताओं को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने के लिए मेले का आयोजन बहुत ही उपयोगी साबित होगा। सहायक निदेशक जयप्रकाश ने अतिथियों का स्वागत किया। जेंडर स्पेशलिस्ट ज्ञान प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सुपरवाइजर कृष्णा, सुशीला, अंकिता चौधरी, भूपेंद्र सिंह, अभिषेक, संदीप भांभू, पूनम चौहान, मंजू, सुमन चौधरी व रोशनी आदि मौजूद रहे। संचालन सरोज स्वामी ने किया।

## विधायक आपके द्वारः व्यास ने की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने शुक्रवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम' के तहत जनसुनवाई की। वार्ड 4 में भीनासर के कुम्हारों के मोहल्ले और वार्ड 26 में चोपड़ा बाड़ी के रामा भवन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि आमजन की पानी और बिजली सहित आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाया जाएगा। उन्होंने प्राप्त प्रकरणों पर कार्यवाही के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक ने कहा कि विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र के नागरिकों से लगातार संवाद किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़े सुझाव भी आमंत्रित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गंगाशहर और भीनासर क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं को राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और सभी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

**विधायक निधि के विभिन्न कार्यों की घोषणा**

विधायक व्यास ने वार्ड 4 के सामुदायिक भवन में जनसुनवाई के दौरान यहां कुम्हारों के मोहल्ले के सार्वजनिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख, वार्ड चार में सैन समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख तथा बाल्मीकि बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए विधायक निधि से स्वीकृत करने की घोषणा की। इस दौरान प्रेम गहलोत, रामदयाल पंचारिया, हास्य अभिनेता मुकेश, जोगिंदर शर्मा, किशन चौधरी, शिव कुमार रंगा, शिव लाल तेजी, मुकेश सेन तथा त्रिलोक लखेसर आदि मौजूद रहे।

### मेहनत का कोई विकल्प नहींः सुराणा

# जिला कलक्टर ने साहित्यिक किताबों की बेहतर समीक्षा लिखने वाले विद्यार्थियों से किया संवाद

### कोड चूरू व पुस्तक संवाद' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया सम्मानित





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलक्टर आवास पर 'पुस्तक संवाद' कार्यक्रम में सर्दियों की छुट्टियों में पुस्तकें पढ़कर अच्छी समीक्षा लिखने व कोड -चूरू नवाचार में जिला व ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बुलाकर संवाद किया तथा पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शरद कुमार व्यास, प्रो कमल कोठारी, नगरश्री सचिव श्याम सुंदर शर्मा, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया इत्यादि अतिथि मंचस्थ रहे। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सफलता के मूल मंत्रों में मेहनत व लगन प्राथमिक व अनिवार्य है। मेहनत का कोई विकल्प नहीं हो सकता। लगन और निरंतर अभ्यास किसी भी लक्ष्य प्राप्ति का मूल मंत्रा है।

उन्होंने मैलकॉम ग्लेडवेल की पुस्तक ' आउटलायर्स द स्टोरी ऑफ सक्सेस' का जिक्र करते हुए बताया कि किसी भी कार्य में परफेक्शन के लिए हमें समर्पित ढंग से 10 हजार घंटे खर्च करने पड़ेंगे। स्पष्ट लक्ष्य व 10 हजार घंटे के अभ्यास के बाद हम विश्वस्तरीय कौशल हासिल कर लेते हैं। जिला कलक्टर ने तकनीकी, खगोलशास्त्र, साहित्य व कैरियर से जुड़ी जानकारी साझा की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने कहा कि नया करें और खुश रहें। क्रिएटिविटी से हमारे शरीर में हैप्पीनेस हार्मोन्स रिलीज होते हैं और हमें आत्मसंतुष्टि का अनुभव होता है। हमें ठहराव की आवश्यकता है। हम अपनी शिक्षा का पेशे में उपयोग करते हैं। सीखा हुआ हमेशा काम आता है। उन्होंने कहा कि नया युग अभिव्यक्ति का युग है। हम अपने विचारों को अभिव्यक्त कर सकें तो बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। जिला कलक्टर के नवाचार तकनीकी और साहित्य दोनों पर केन्द्रित हैं। कोड चूरू तकनीकी व पुस्तक संवाद नवाचार साहित्य पर केन्द्रित है। साहित्य हमें अभिव्यक्ति के लिए तैयार करता है और स्पष्टता प्रदान करता है। प्रो कमल कोठारी ने कहा कि सपनों का भारत बनाने में नई पीढ़ी की बड़ी भूमिका है। हम बच्चों को उनकी रूचि से काम करने दें और उनके सपनों को पूरा करने के लिए मंच प्रदान करते हुए संबल दें। उन्होंने बच्चों से कहा कि सॉफ्ट स्किल्स डवलप करें। अपनी अभिरूचि के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करें और संस्कृति व सभ्यता से जुड़ाव रखें। जिला प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों को पुस्तक संस्कृति से जोड़ने के लिए 'पुस्तक संवाद' कार्यक्रम अभिनव पहल है। नगरश्री सचिव श्यामसुंदर शर्मा ने कहा कि अपने अनुभवों से सीखें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों से उनके अनुभवों को जानें और अपने जीवन में उतारें। इसी के साथ आंचलिकता को सहेंजे। अपने अध्ययनों में चूरू की क्षेत्रीय विशेषताओं व जानकारियों को भी शामिल करें। डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया ने इन्क्यूबेशन सेंटर के बारे में जानकारी दी और कोड -चूरू कार्यक्रम में एजेंसी कोडयोगी टीम ने वीसी के जरिए कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने जिला कलक्टर के निर्देशन में शुरू किए गए नवाचारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवाचारों से छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है व बच्चे भी रूचि ले रहे हैं। डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मंचस्थ अतिथियों से विद्यार्थियों ने अपने सवाल किए और जिज्ञासाएं रखीं। अतिथियों ने अपने अनुभवों से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया व अपने संस्मरण साझा किए। इसी के साथ जिला एवं ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुस्तकें, बैग व प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया। सीबीईओ उमेश, एसीबीईओ मंजू पंवार, रघुनंदन शर्मा, दीपक शर्मा सहित शिक्षा व महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारी, बालक-बालिकाएं, अभिभावक आदि मौजूद रहे। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास सहित मंचस्थ अतिथियों ने पुस्तक संवाद कार्यक्रम में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रिया कुमारी, आरजू व पूजा जाट को जिला स्तर और सरदारशहर से माया शर्मा, नितेश नाथ, रतनगढ़ से लोकेश कुमार, दीक्षा शर्मा, डाली, सुजानगढ़ से खुशी सींवर, अनिता, भावना शर्मा, राजगढ़ से शिक्षा व ओमवीर, बीदासर से मुकेश नाथ, माया प्रजापत, सुमन जाट, चूरू से प्रियंका मेघवाल, पंकज महला, नरेश तथा तारानगर से कविता व रिना को ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किया। इसी क्रम में कोड चूरू कार्यक्रम में प्रियंका सेन, लक्ष्य पिलानिया, राधा जोगी, सतीश कुमार, सुदेश, राहुल सरोहा, साहिल कुमार, प्रितम कुमार, अंकित, अंजू सुथार, रिद्धि जाखड़, सीताराम नायक, ईश्वर, शिवा, आदित्य, मयंक शर्मा, पिंटू घिंटाला को सम्मानित किया।

## दिव्यांगों के लिए उम्मीद की नई किरण बनेगा निःशुल्क कृत्रिम अंग शिविर

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के रोटरी क्लब सरदारशहर, रोटरी क्लब जयपुर मेजेस्टी और आदित्य ट्रांसपोर्ट कंपनी जयपुर की ओर से निशुल्क कृत्रिम हाथ शिविर का आयोजन रविवार को होगा। यह शिविर दिव्यांगों के जीवन को सरल बनाएगा। कृत्रिम हाथ वितरण दिव्यांग लोगों के जीवन में रोटरी और आदित्य ट्रांसपोट कंपनी जयपुर उम्मीद की एक किरण बनकर जरूरतमंदों की सेवा करेगी। दोनों संस्थानों की ओर से संयुक्त रूप से सरदारशहर में 16 फरवरी को निशुल्क कृत्रिम हाथ शिविर ज्योतिबा फुले भवन ताल मैदान में स्थित भवन में आयोजन किया जाएगा। रोटरी क्लब सरदारशहर के शिविर संयोजक डॉ अशोक गुप्ता व राजकुमार तिवाड़ी ने बताया कि जिन दिव्यांगों ने पहले 13 फरवरी तक कोहनी से नीचे तक जरूरतमंद दिव्यांग ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। उन्हें शिविर में एलन मिडोज प्रोस्थेटिक हेड फाउंडेशन अमेरिका की ओर से जरूरतमंद लोगों को कृत्रिम हाथ का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे सभी जरूरतमंदों की सेवा करना है जो आर्थिक तंगी की वजह से कृत्रिम हाथ नहीं लगा पाते हैं। उन्हें दोनों संस्थाओं के सहयोग से कृत्रिम अंग प्रदान कर उनके जीवन को सरल बनाया जाएगा। यह शिविर रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्देशन में लगाया जाएगा। इस शिविर का पंचायत स्तर पर व शहरी क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया गया है। क्लब के अध्यक्ष संजय सैनी ने बताया कि रोटरी क्लब मानव सेवा को ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं चला रही है। यह क्लब का अमूल्य प्रोजेक्ट है। जिसमें सभी पदाधिकारी और सदस्य पूरी तरह से समर्पित होकर जुटे हुए हैं। शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसके लिए ग्रामीण स्तर पर सभी पंचायत के मुखिया व वाहन के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचा जा रहा है। शिविर में कम से कम 100 और अधिकतम जरूरतमंदों की मदद करने का लक्ष्य रखा गया है। क्लब सचिव विश्वेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक 78 दिव्यांग का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, विशिष्ट अतिथि एसडीएम दिव्या चौधरी, देवेंद्र पुनियां डायरेक्टर आदित्य ट्रांसपोर्ट कंपनी जयपुर व सीआई महेन्द्र उपस्थिति रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश सैनी, दीनदयाल भोजक, विकास लखोटिया, श्याम तोषनीवाल, राजकुमार खटोड़, गणेश जैसनसरिया वेदप्रकाश, प्रसन्न लूणिया, पंकज गर्ग आदि लगे हुए हैं।

## बीकानेर की झांकी प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहीं

### हेरिटेज रूट, सोलर पार्क और एक पेड़ मां के नाम थीम पर थी झांकी

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदर्शित बीकानेर जिले की झांकी प्रदेश में तीसरे नंबर पर रही है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की गरिमामय मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। झांकी का मुख्य भाग रामपुरिया हवेलियों की तर्ज पर तैयार किया गया। इसे सोलर पार्क, एक पेड़ मां के नाम और हेरिटेज सिटी की थीम पर तैयार किया गया। सौर ऊर्जा उत्पादन के साथ इसे जीएसएस से जोड़ा गया और इसके माध्यम से स्प्रिंकलर पद्धति से सिंचाई करते हुए प्रदर्शित किया गया। इसमें अमृत सरोवर भी दर्शाया गया। वहीं हेरिटेज थीम पर बीकानेर की हवेलियां, रोबीले, पापड़, भुजिया, कशीदाकारी, नृत्य करते ऊंट, उस्ता कला, झरोखे सहित 14 प्रमुख विशेषताओं को दर्शाया गया। इसमें बीकानेरी पाटा, लक्ष्मीनाथ मंदिर, बीकाजी की टेकरी, पुराने शहर के सब्जी बाजार आदि के जीवंत मॉडल प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही बीकानेर को मुख्यमंत्री की ओर से दी गई बीकानेर विकास प्राधिकरण की सौगात को भी शामिल किया गया।

### समुचित अवसरों से प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें- सुराणा

## कलक्टर ने किया जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी का उदघाटन





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिला कलक्टर सुराणा ने माँ सरस्वती कीप्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि विचारों को मंच मिलने से प्रतिभाएं निखरेंगी। बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार आगे बढ़नें दें और समुचित अवसरों से उनका उत्साहवर्धन करें। प्रतिभाएं अपनी काबिलियत से बेहतरीन मुकाम हासिल करेंगी। उन्होंने प्रदर्शनी में छात्र- छात्राओं की ओर से लगाए गए मॉडल का बारीकी से निरीक्षण कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सीडीईओ गोविन्द सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य महेश कुमार सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। इंस्पायर्ड अवार्ड प्रदर्शनी प्रभारी विजयपाल धुवां ने प्रदर्शनी से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य विक्रम स्वामी, प्राचार्य हंसा शर्मा, उपप्राचार्य इंद्रा कस्वां, उपप्राचार्य अख्तर अली, उपप्राचार्य नन्दलाल बौद्ध, रमेश बेनीबाल, दीपक चन्द्र, मंजू कुमारी, अलका गोयल, रामकुमार, अबरार, सुभाष ढाका, राकेश कपूरिया, देवेन्द्र, निखिल भागसरा, जगदीश आदि उपस्थित रहे। संचालन प्राध्यापक रमेश पूनियां ने किया।

# मेले में 75 से अधिक युवाओं का रोजगार के लिए चयन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गौरीशंकर एण्ड निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन व राजकीय लोहिया महाविद्यालय के मध्य सम्पन्न एमओयू के तहत महाविद्यालय परिसर में स्थापित सीआईआई मॉडल कैरियर सेन्टर व लोहिया महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ विधायक हरलाल सहारण ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने की। उद्घाटन समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ व गौरीशंकर एण्ड निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन की संरक्षिका निर्मला अग्रवाल व भाजपा जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया आदि मंचासीन रहे। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि जिले के युवाओं के लिए यह वृहद् रोजगार मेला एक वरदान साबित होगा। जिसके तहत सैंकड़ों युवा देश की नामी-गिरामी कम्पनियों व उद्योगों में रोजगार प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं के लिए सौभाग्य की बात है कि चूरू के लोहिया महाविद्यालय में ही उनको शिक्षा, कौशल विकास व रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण तथा संवाद कौशल आदि योग्यताओं के साथ-साथ इसी महाविद्यालय में उनको देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक व बैंकिंग संस्थाएं, कम्पनियां उपस्थित होकर रोजगार प्रदान कर रही हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि चूरू जैसी छोटी जगह आकर यहां के युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान कर रही हैं। यह यहां के युवाओं के लिए बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि यह फाउंडेशन जिले के युवाओं का भविष्य संवारने के लिए कृत संकल्पित है और इस प्रकार के छात्रहित, युवाहित व समाजहित के कार्य करने में गौरीशंकर एण्ड निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन, चूरू हमेशा अग्रणी रहा है। महाविद्यालय में आयोजित वृहद् रोजगार मेले में 15 से ज्यादा देशभर की प्रतिष्ठित औद्योगिक, फाइनेंस व बैंकिंग संस्थानों के एचआर ने पंजीकृत युवाओं साक्षात्कार लिए गए। साक्षात्कार के लिए 900 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजियन कर रोजगार मेले में भाग लिया। साक्षात्कार के पश्चात् 75 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न कम्पनियों व औद्योगिक संस्थानों में रोजगार के लिए चयन किया गया। गौरीशंकर एण्ड निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से लोहिया महाविद्यालय में संचालित सीआईआई मॉडल कैरियर सेन्टर से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को देशभर की प्रतिष्ठित औद्योगिक, फाइनेंस व बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिले।महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. मंजु शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में सेंटर के डॉ. जयेन्द्र सिंह चौहान, हैड श्रीमन गरोवर आदि फाउंडेशन उपस्थित रहे। संचालन महाविद्यालय के सह आचार्य डॉ. सुमेर सिंह ने की।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।